''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 268 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शुक्रवार, 13 दिसंबर 2024 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## गुरुग्राम में सफाई व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश, स्वच्छता मानकों के अनुरूप शहर में सफाई व्यवस्था की जाए सुनिश्चित

**जन सेवाओं को प्रदान करने में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई – मुख्यमंत्री**

**मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में सुनी जनसमस्याएं**




**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में सफाई व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शहर में स्वच्छता मानकों के अनुरूप सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जनता को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। शहर में स्वच्छता की तरफ़ विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि गुरुग्राम को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि अगले माह की बैठक के दौरान वे स्वयं स्वच्छता का निरीक्षण करेंगे।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार जन सेवाओं के लिए गंभीर है। सभी विभागों के अधिकारी फील्ड में रहकर उनके विभाग की सेवाएं जनता को मुहैया करवाना सुनिश्चित करें। जन सुविधाओं के प्रति अधिकारियों का ढुलमुल रवैया बदार्शत नहीं किया जाएगा। आम नागरिकों से किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त हुई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री आज गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कुल 23 परिवाद रखे गए, इनमें से 19 का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। शेष परिवाद अगली बैठक के लिए आरक्षित कर अधिकारियों को स्टेटस रिपोर्ट साथ लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, विधायक श्रीमती बिमला चौधरी, श्री मुकेश शर्मा, श्री तेजपाल तंवर सहित विभिन्न उच्चाधिकारी व गणमान्य नागरिक उपसथित रहे।

मुख्यमंत्री ने सभी एसटीपी के शोधित जल की गुणवत्ता पर स्वत: संज्ञान लेते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण के लिए एसटीपी के शोधित पानी की गुणवत्ता नियमित रूप से चेक की जाए। साथ ही, अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि ट्रीटमेंट के बाद लैब में पानी की जांच के पश्चात ही उसे कृषि कार्य के लिए किसानों को दिया जाए।

**परिवादों पर गंभीरता से कार्य करें अधिकारी**

बैठक में गांव सराय अलावर्दी में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कुछ लोगों द्वारा कब्जा किये जाने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने नगर निगम के अधिकारियों को आदेश दिए कि तुरंत प्रभाव से सभी प्रकार के अवैध कब्जे हटाकर भूमि खाली करवाई जाए। इस भूमि पर सामुदायिक भवन का निर्माण करवाया जाए, ताकि लोगों को सार्वजनिक समारोहों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधा मिल सके।

लेजर वैली में म्यूजिकल फाउंटेन व अवैध विज्ञापन सामग्री से संबंधित शिकायत पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लेजर वैली के आसपास सार्वजनिक लाइटें, सीसीटीवी कैमरे व म्यूजिकल फाउंटेन संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण करें। इसके अलावा, उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि शहर में यूनिपोल व बस स्टॉप आदि पर विज्ञापन होर्डिंग लगवाने के लिए एक नई पॉलिसी तैयार करें, जिससे निगम को राजस्व का घाटा न उठाना पड़े। विज्ञापन साइटों की निविदाएं आमंत्रित की जानी चाहिए।

गांव जाटौला में 100-100 वर्ग गज के प्लाट से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी यह ध्यान रखें कि जरूरतमंद व्यक्ति को हर हाल में सरकारी योजना का लाभ मिले। गांव सिलोखरा में मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते को बंद करने का मामला भी मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया गया। इस पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने संबंधित थाना क्षेत्र के एसएचओ की भूमिका की जांच के आदेश दिए और पुलिस आयुक्त को संबंधित एसएचओ को वहां से हटाने के भी निर्देश दिए।

इसी प्रकार, मुख्यमंत्री ने न्यू ग्वाल पहाड़ी में चौपाल निर्माण के अधूरे पड़े कार्य, गांव सिकंदरपुर घोसी में जलापूर्ति के लिए बूस्टर लगाने, गांव पथरेडी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने निर्धारित परिवादों के अलावा आम समस्याओं को भी सुना।

**गुरुग्राम में बढ़ती आबादी के अनुरूप सीवरेज लाइन डालने के दिए आदेश**

मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों से प्राप्त सीवरेज की समस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बढ़ती आबादी की मांग के अनुरूप सीवरेज लाइन की व्यवस्था की जाए, ताकि पानी की निकासी समुचित ढंग से हो सके। किसी भी क्षेत्र में नई सीवरेज लाइन डालते समय रिवाइज्ड प्लान तैयार करें। इसके लिए संबंधित आरडब्ल्यूए व स्थानीय लोगों से भी परामर्श करें।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना-प्रदेश में 45.90 मेगावाट क्षमता के 9,600 से अधिक रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाए गए

**लाभार्थियों को मिली 52.54 करोड़ रुपये की सब्सिडी**

**प्रदेश में 91.78 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन हेतु 3,000 से अधिक भवनों की पहचान की**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में अब तक 45.90 मेगावाट की संयुक्त क्षमता के 9,600 से अधिक रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाए जा चुके हैं। सरकार द्वारा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लाभार्थियों को अब तक 52.54 करोड़ की सबसिडी वितरित की गई है। यह जानकारी आज यहां मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा के लिए बुलाई गई राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में दी गई। बैठक के दौरान बताया गया कि राज्य सरकार सरकारी भवनों में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग द्वारा सरकारी संपततियों के डेटा प्रबंधन को सुचारू बनाने के लिए एक केंद्रीकृत पोर्टल विकसित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 3,000 से अधिक भवनों के स्थल सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, जिनमें 91.78 मेगावाट की संभावित सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता की पहचान की गई है।

इसके अलावा, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा कैपेक्स मॉडल के तहत 8.4 मेगावाट ग्रिड से जुड़ी रूफटॉप सौर परियोजना के लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। सरकार द्वारा, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित सोलर मॉडल गांवों की भी पहचान की जा रही है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा की परिवर्तनकारी क्षमता को प्रदर्शित करेंगे। एक अनूठी पहल के तहत, हरियाणा सरकार द्वारा प्रतिस्पर्धी चुनौती के माध्यम से गांवों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक जिले में सबसे अधिक सौर ऊर्जा अपनाने वाले गांव को मॉडल सोलर विलेज के तौर पर नामित किया जा रहा है। बैठक के दौरान मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के लक्ष्यों को हासिल करने में बैंकों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रक्रिया में बैंकों को सक्रिय रूप से शामिल किया जाए ताकि लाभार्थियों को ऋण की सुचारू सुविधा मिल सके। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में सौर प्रणाली की स्थापना के लिए उद्योगोन्मुखी पाठ्यक्रम के साथ आईटीआई में 2,700 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा, राज्य में जमीनी स्तर पर स्थापना प्रक्रिया को और अधिक सुचारू बनाने के लिए 100 आईटीआई मास्टर ट्रेनर भी हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य देश में 1 करोड़ घरों को मुफ्त बिजली मुहैया करवाना है। इसके तहत घरेलू श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं को केंद्रीय वित्तीय सहायता (सी.एफ.ए.) के अलावा, राज्य सरकार द्वारा भी अंत्योदय परिवारों को 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर राज्य वित्तीय सहायता (एस.एफ.ए.) प्रदान की जा रही है।

इस योजना का उद्देश्य गांवों में हरित और स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच विकसित करना और बिजली बिलों पर पैसे की बचत के साथ-साथ ग्रामीण समुदायों को अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में आत्मनिर्भर बनाना है। बैठक में ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अपूर्व कुमार सिंह, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक श्री ए. श्रीनिवास और उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक श्री अशोक कुमार मीणा समेत पंजाब नेशनल बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।


## अनिल विज ने वन नेशन, वन इलेक्शन के निर्णय का किया स्वागत

**समाचार गेट/ब्यूरो**



**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री श्री अनिल विज ने वन नेशन, वन इलेक्शन पर आज चंडीगढ़ सथित अपने कार्यालय मे पत्रकारों से बातचीत करते हुए इसे स्वागत योग्य निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रवादी सोच का परिणाम है। यह निर्णय आजादी के तुरंत बाद लिया जाना चाहिए था, पहले की सरकारों ने इसे नजरअंदाज किया था, जबकि मोदी जी ने अब इसे देश हित में लागू करने की दिशा में कदम उठाया है। श्री विज ने बताया कि वर्तमान में हर साल चुनाव होते रहते हैं हाल ही में लोकसभा और हरियाणा व महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव हुए, और अब दिल्ली में चुनाव होने हैं। चुनावों मे आदर्श आचार संहिता लगने के कारण विकास कार्यों में रुकावट आती है, इस निर्णय से विकास के कार्य निरंतर चलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का उद्देश्य भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। हर भारतीय नागरिक को इसका स्वागत और समर्थन करना चहिए। विपक्षी दलों द्वारा इसका विरोध केवल सत्ता की लालसा और विकास से अनभिज्ञता का परिणाम है और उनका देश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। अविश्वास प्रस्ताव पर बोलते हुए श्री विज ने कहा कि आज से पहले उपराष्ट्रपति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव किसी भी पार्टी द्वारा नहीं लाया गया था। यह अविश्वास प्रस्ताव विरोधी पार्टियों द्वारा जॉर्ज सोर्स के मुद्दे को छिपाने के लिए लाया गया है। उनका उद्देश्य यह है कि राज्यसभा और लोकसभा की कार्यवाही सुचारू रूप से न चल सके और देश का विकास रुक जाए।

## हठधर्मिता छोड़े बीजेपी सरकार, किसानों से बातचीत कर जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन करवाए खत्म : हुड्डा



**किसानों की मांगे जायज, दिल्ली जाने से रोकना प्रजातंत्र विरोधी कदम : हुड्डा**

**बीजेपी राज में कानून व्यवस्था जर्जर, हर व्यक्ति असुरक्षित : हुड्डा**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पिछले 16 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनकी सेहत लगातार गिर रही है। बीजेपी सरकार को अपनी हठधर्मिता छोड़कर किसानों से बातचीत करनी चाहिए। उनकी मांगों का समाधान कर तुरंत जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन खत्म करवाना चाहिए।

हुड्डा चंडीगढ़ आवास पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसान कोई नई मांग नहीं कर रहे हैं। वो सरकार को उसका अपना वादा याद दिला रहे हैं। ये वही वादा है, जो सरकार ने किसान आंदोलन को खत्म करवाते हुए किसानों से किया था। किसान चाहते हैं कि उन्हें एमएसपी की गारंटी मिले और यह मांग पूरी तरह जायज है।

किसानों को दिल्ली जाने से रोकना बीजेपी का प्रजातंत्र विरोधी कदम है। किसान की आवाज दबाने की बजाय सरकार को बातचीत कर समाधान निकालना चाहिए। सभी को प्रजातंत्र में शांतिपूर्ण तरीके से कहीं भी आने-जाने या अपनी बात कहने का अधिकार है। लेकिन बीजेपी सरकार किसानों से यह अधिकार छीन रही है। जबकि किसानों ने सरकार के बात मानते हुए बिना ट्रैक्टर-ट्राली के दिल्ली जाने की बात मान ली है। ऐसे में उनको रोकना पूरी तरह अलोकतांत्रिक है।

गुरुग्राम के क्लब में बम धमाके पर टिप्पणी करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बमबारी जैसी वारदातों से प्रदेश की जर्जर हो चुकी कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। बीजेपी सरकार कुंभकर्णी नींद में सो रही है और अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। हुड्डा ने कहा कि प्रत्येक सरकार की पहली जिम्मेदारी अपने नागरिकों की सुरक्षा करना होता है। लेकिन बीजेपी जब से सत्ता में आई है, उसने अपनी जिम्मेदारी से पूरी तरह मुंह फेर रखा है। यही वजह है कि हरियाणा में अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आज प्रत्येक हरियाणवी खुद को असुरक्षित महसूस करता है।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में पॉवरग्रिड और गुरुग्राम जिला प्रशासन के बीच हुआ एमओयू




**एमओयू के जरिए करीब 20 करोड़ के अनुमानित लागत से सेक्टर 14 सथित राजकीय कन्या महाविद्यालय में हॉस्टल व शिक्षण ब्लॉक विकसित करने के अलावा आईटी, चिकित्सा व संगीत उपकरणों की आपूर्ति में मिलेगी मदद**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपसथिति में आज गुरुग्राम में पॉवरग्रिड और जिला प्रशासन के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किया गया। इस एमओयू के तहत गुरुग्राम के सेक्टर 14 सथित राजकीय कन्या महाविद्यालय में ढांचागत तंत्र को विकसित करने के लिए पॉवरग्रिड द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) स्कीम के अंतर्गत करीब 20 करोड़ से अधिक रुपये के विकास कार्य कराए जाएंगे। जिला प्रशासन की तरफ से जिला उपायुक्त अजय कुमार और पॉवरग्रिड की ओर से महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्रा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की महत्वपूर्ण यात्रा में हरियाणा के शिक्षण संस्थानों के ढांचागत तंत्र विकसित करने के कार्य को गति दी जा रही है। इसमें सीएसआर स्कीम के अंतर्गत कॉरपोरेट कंपनियां भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि एक विकसित राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा एक महत्वपूर्ण घटक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान में प्रदेश सरकार ने धरातल पर कार्य किया है जिसके आशानुरूप परिणाम भी मिले हैं। इन कार्यों में हरियाणा सरकार के साथ कॉरपोरेट संस्थानों द्वारा सामाजिक उत्थान की दिशा में सहयोग करना एक सराहनीय कदम है। मुख्यमंत्री ने संबंधित संस्थाओं को जल्द से जल्द निर्माण कार्य संपन्न करवाने के भी निर्देश दिए। पॉवरग्रिड की ओर से यतिंद्र द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सीएसआर पहल का उद्देश्य गुरुग्राम के आसपास रहने वाली बेटियों को बेहतर शिक्षा सुविधाएं प्रदान करना और महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ना है। यह महिला-केंद्रित सीएसआर पहल बेटियों को उच्च शिक्षा और पेशेवर करियर बनाने में सहायता करेगी।

इस अवसर पर केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, सोहना के विधायक श्री तेजपाल तंवर, पटौदी की विधायक श्रीमती बिमला चौधरी व गुरुग्राम के विधायक श्री मुकेश शर्मा, पावर ग्रिड के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक आर. के. त्यागी के अलावा पावर ग्रिड के अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सिरसा में रेल सुविधाओं को लेकर सांसद कुमारी सैलजा ने रेलमंत्री को लिखा पत्र

**समाचार गेट/ब्यूरो**



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने सिरसा में रेल सुविधाओं को लेकर रेलमंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि नई दिल्ली से सिरसा वाया महम-रोहतक-हांसी-हिसार व सिरसा तक नई इंटरसिटी गाड़ी चलाई जाए साथ ही भिवानी और हिसार तक आने वाली कुछ प्रमुख ट्रेनों का विस्तार सिरसा तक किया जाए। कुमारी सैलजा ने पत्र में लिखा है कि उनके संसदीय क्षेत्र सिरसा के लोगों ने कुछ ट्रेनों को सिरसा तक संचालित किए जाने की मांग की है जिन्हें वे उनके संज्ञान में लाना चाहती है। उन्होंने पत्र में कहा है कि नई दिल्ली से सिरसा वाया महम रोहतक हांसी हिसार व सिरसा तक नई इंटरसिटी गाड़ी को चलवाया जाए, 14891/14892 गाड़ी जो की जोधपुर से हिसार तक आती है उसे सिरसा तक आसानी से बढ़ाया जा सकता है, गाड़ी संख्या नंबर 14117 व 14 118 कालिंदी एक्सप्रेस जो की प्रयागराज से चलकर भिवानी तक आती है उसे सिरसा के लिए आसानी से बढ़ाया जा सकता है जिससे सिरसावासियों को भी सीधे प्रयागराज जाने का मौका मिल सकेगा अत: इस गाड़ी को सिरसा तक बढ़ाया जाए। उन्होंने पत्र में लिखा है कि सिरसा में वर्तमान में दो ही प्लेटफार्म है, जो सेकंड प्लेटफार्म है उसके साथ जो दीवार बनी हुई है उसे दीवार को हटाकर अगर उसके साथ एक नई लाइन को बना दें तो उस प्लेटफार्म को दो व तीन प्लेटफॉर्म के लिए भी उस का प्रयोग किया जा सकता है। प्लेटफार्म नंबर एक को कम से कम 100 मीटर बठिंडा साइड में बढ़ाया जाए ताकि लंबी रेल गाडियां रुक सके। गौरतलब हैं कि बीकानेर मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता संदीप नेहरा ने इन रेल सुविधाओं को लेकर सांसद कुमारी सैलजा को पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि इस बारे में रेलमंत्री से बातचीत की रेल सुविधाओं को बढ़ाया जाए।

## नगर निगम फरीदाबाद की मतदाता सूची के पुनरीक्षण से संबंधित अधिसूचना : डीसी

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 07 दिसंबर 2024 में वर्णित हिदायतों व निर्देशों के अनुसार नगर निगम, फरीदाबाद की वार्ड वाईज मतदाता सूची तैयार की जा रही है। वे सभी नागरिक, जिनका नाम नगर निगम की मतदाता सूची में नहीं है, यदि किसी अपात्र मतदाता (मृतक/ स्थान छोडकर चले गये अथवा डबल दर्ज है), किसी के नाम इत्यादि में गलती है अथवा किसी दूसरे वार्ड / मतदान केंद्र से अपना नाम बदलवाना चाहता है, तो निम्नलिखित रिवाईजिंग अथॉरिटी के पास निर्धारित फार्म में दावे-आपततियां 17 दिसंबर 2024 से 23 दिसंबर 2024 तक प्रस्तुत कर सकेंगे जिसका निपटारा डीसी द्वारा 03 जनवरी 2025 तक किए जाने के फलस्वरूप नगर निगम फरीदाबाद की मतदाता सूचियों का वार्ड वाईज अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को कर दिया जाएगा।

**पूर्ण कार्यक्रम निम्न प्रकार है:** वार्डों में मतदाताओं का वितरण 10 दिसंबर से 16 दिसंबर तक किया जाएगा। वार्डवार मसौदा निर्वाचन क्षेत्र का प्रकाशन 17 दिसंबर 2024 को होगा। पुनरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत दावे और आपतति की अंतिम तिथि 23 दिसंबर 2024 निर्धारित की गयी है। इसी प्रकार पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा दावे और आपतति का निपटारा करने की अंतिम तिथि 27 23 दिसंबर 2024 है। पुनरीक्षण प्राधिकारी के आदेश के विरुद्ध संबंधित उपायुक्त के समक्ष 31 दिसंबर 2024 तक अपील दायर की जा सकेगी। डीसी द्वारा अपीलों का निपटारा 03 जनवरी 2025 को किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जाएगा।

## विजेताओं का दिन



ब्रॉउंज मेडल जीतने के बाद पहलवान युवराज बीच

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

**प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची**

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

जानकारी

# हाथ धोने के लिए पानी ठंडा हो या गर्म

## जानें बैक्टीरिया मारने में कौन सबसे ज्यादा असरदार

हाथ धोने का महत्व आज ज्यादातर लोग समझ चुके हैं। जो लोग अब भी गंदे हाथों से खाना-पीना करते हैं, उनके लिए 1 से 7 दिसंबर तक हैंडवॉशिंग अवेयरनेस वीक यानी हाथ धो कर साफ रखने के लिए जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। ठंड के मौसम में इस तरह की सफाई का ख्याल रखना और जरूरी हो जाता है, क्योंकि ठंडे पानी से हर कोई दूर रहना चाहता है। कई लोग यह दलील देते हैं कि गर्म पानी से हाथ धोना फायदेमंद होता है और इससे बैक्टीरिया ज्यादा मरते हैं। लेकिन क्या यह बात सच है? ताजा वैज्ञानिक अध्ययन में इस बात का जवाब दिया गया है कि क्या गर्म पानी और ठंडे पानी से हाथ धोने में कोई फर्क है?

जर्नल ऑफ फूड प्रोटेक्शन में प्रकाशित ताजा रिसर्च के अनुसार, हाथ गर्म पानी से धोए जाएं या ठंडे से, कोई फर्क नहीं पड़ता है। खतरनाक बैक्टीरिया का सफाया करने में दोनों समान रूप से कारगर हैं। इतना जरूर है कि गर्म पानी में साबुन अच्छी तरह पिघल जाता है। इससे भी कई लोगों को लगता है कि गर्म पानी ज्यादा आसानी से बैक्टीरिया मारता है, लेकिन अब यह बात गलत साबित हुई है।

नए अध्ययन में विभिन्न पहलुओं से गर्म और ठंडे पानी के असर की जांच की गई, जैसे साबुन की मात्रा, पानी का तापमान, हाथ धोने में लगाया गया समय और साबुन कितना असरदार है।



### 10 सेकंड तक धोएं हाथ, पानी गर्म हो या ठंडा

अध्ययन में पाया गया कि पानी के तापमान का बैक्टीरिया को कम करने पर महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ा। चाहे यह 38 डिग्री सेल्सियस या 16 डिग्री सेल्सियस था, शोधकर्ताओं ने बैक्टीरिया में कमी में कोई अंतर नहीं पाया। इसके अलावा, अध्ययन से पता चला कि कीटाणुओं को दूर करने के लिए 10 सेकंड तक हाथ धोना काफी प्रभावी होता है।

### ठंड में बरतें यह सावधानी

ठंड में कई लोगों को सुखी त्वचा की समस्या से जूझना पड़ता है, खासतौर पर ऐसा हाथों में अधिक होता है। अक्सर साबुन में पाए जाने वाले रसायन हाथों की त्वचा को ड्राय बना देते हैं। ऐसे लोगों को साबुन से हाथ धोने से बचना चाहिए। जो लोग पानी के संपर्क में बहुत समय बिताते हैं, उन्हें रबर के दास्ताने पहनकर काम करना चाहिए। लंबे समय तक पानी के संपर्क में रहने से हाथ ड्राय हो सकते हैं क्योंकि यह त्वचा में मौजूद प्राकृतिक ऑयल को धो देता है।

### पानी का काम नहीं कर सकता हैंड सैनिटाइजर

डॉ. दीप्शा अग्रवाल के अनुसार, हैंड सैनिटाइजर का उपयोग हाथ साफ करने के लिए किया जाता है, लेकिन साबुन से हाथ धोने से अच्छा कुछ भी नहीं है। इससे ही हमारे हाथों पर जमे कीटाणु 100 फीसदी तक खत्म हो सकते हैं। इसलिए हैंड सैनिटाइजर का उपयोग वहीं करना चाहिए, वहां पानी से हाथ धोने की सुविधा नहीं है। हैंड सैनिटाइजर खरीदते समय ध्यान रखें कि कहीं उसमें ट्राइक्लोसेन या थाइलेड्स कैमिकल तो नहीं हैं। ये दोनों कैमिकल हानिकारक होते हैं। खासतौर पर थाइलेड्स त्वचा के जरिए ब्लड में जा सकता है और बहुत नुकसान पहुंचा सकता है।



ड्राई स्किन या सूखी त्वचा असल में बड़ी समस्या नहीं है, लेकिन ध्यान न दिए जाने पर यह एक्जिमा (लाल चकत्ते) या घावों से खून के रिसाव की वजह बनती हैं। एक अन्य संभावित परेशानी सेकंडरी बैक्टीरियल इन्फेक्शन (लाल त्वचा, सूजन, पस) होता है जिसमें एंटीबायोटिक्स लेने की जरूरत पड़ जाती है। बहुत कम मामलों में ही सही, सूखी त्वचा का एलर्जी से भी संबंध पाया जाता है।

# सर्दियों में ड्राई स्किन से हैं परेशान

## आजमाएं ये घरेलू नुस्खे झट से मिलेगा आराम


### त्वचा में नमी रखें

त्वचा को सूखने से बचाने का सबसे आसान उपाय उसे नम रखना है। स्किन मॉइस्चराइजर इस काम में आपकी बहुत ज्यादा मदद कर सकते हैं। खास बात यह है कि मॉइस्चराइजर जितना ज्यादा गाढ़ा और चिकना होगा, उतना ही ज्यादा प्रभावी होगा। इसमें तीन तरह की मुख्य वस्तुएं होती हैं-

1- ह्यूमेक्टेंट्स जो नमी को आकर्षित करते हैं और इसमें सेरेमाइड्स, ग्लिसरीन, सॉर्बिटॉल, हायएल्यूरोनिक एसिड और लेसिथिन होते हैं।

2- दूसरा समूह होता है पेट्रोलेटम (पेट्रोलियम जेली), सिलिकॉन, लेनोलिन और मिनरल ऑइल का। यह नमी को त्वचा में ही कायम रखने में मदद करते हैं।

3- लिनोलेइक, लिनोलेनिक और लॉरिक एसिड्स जैसे एमोलिएंट्स। यह त्वचा के सेल्स के बीच की जगहों को भरकर उसे मुलायम बनाए रखते हैं।



*कुल मिलाकर सबसे प्रभावी (और सबसे किफायती) की श्रेणी में पेट्रोलियम जैली और मॉइस्चराइजिंग ऑइल (जैसे मिनरल ऑइल) को रखा जा सकता है। दरअसल, इनमें पानी का अंश नहीं होता और नहाने के बाद त्वचा को नम रखने में यह सहायक होते हैं। कम चिकने मॉइस्चराइजर ज्यादा आकर्षक मगर कम प्रभावी होते हैं।*

### सूखी त्वचा से कैसे बचें?

- गर्म पानी से नहाने या शॉवर करने की अवधि को 5 से 10 मिनट तक ही सीमित कर दें। जितना ज्यादा नहाएंगे त्वचा की तैलीय परत कम होती जाएगी।
- नहाने के लिए बहुत गर्म पानी की बजाय कुनकुना (गुनगुना) पानी इस्तेमाल करें।
- साबुन का इस्तेमाल कम से कम करें।
- सेटाफिल, ऑइलटम-एडी, एक्वेनिल जैसे सोप-फ्री क्लीन्सर्स का इस्तेमाल करें।
- खुशबूदार साबुन, अल्कोहल से दूरी बनाएं।
- बाथ स्पंज, स्क्रब ब्रश और कपड़े धोने को टालें।
- नहाने के बाद शरीर को सूखाने के दौरान टॉवेल को जोर से न रगड़ें।
- नहाने या हाथ धोने के तत्काल बाद मॉइस्चराइजर लगाएं।
- पेट्रोलियम जैली और गाढ़े क्रीम्स का चिपचिपापन टालने के लिए पहले उसे कुछ देर हाथ में मलें फिर शरीर के प्रभावित हिस्से पर लगाएं।
- त्वचा पर कभी न खुजाएं। मॉइस्चराइजर लगाने पर वैसे इसकी जरूरत ही नहीं पड़ेगी।
- खुजली वाले हिस्से पर कोल्ड पैक से भी राहत मिल सकती है।
- खुजली पैदा करने वाले वूलन स्वेटर, जैकेट सीधे शरीर पर न पहनें। पहले कॉटन का कपड़ा पहनें, उसके ऊपर ऊनी कपड़े पहनें।

### कब मिलें डॉक्टर से

मौसम में बदलाव या उम्र बढ़ना आपकी त्वचा के सूखने की वजह न हो तो डॉक्टर से मिलना ही बेहतर विकल्प होगा। हो सकता है त्वचा का कोई और रोग हो। घरेलू उपचार या बाजार से लाए गए मॉइश्चराइजर त्वचा के सूखने की समस्या को और अधिक ना बढ़ा दें।

सेहत

# आपकी त्वचा को कैसे प्रभावित करती है डायबिटीज

## इसके लक्षण और बचाव

वर्तमान समय में डायबिटीज एक गंभीर समस्या बनती जा रही है, आज इससे पूरी दुनिया प्रभावित है। डायबिटीज को शुरुआती निदान और उपचार के माध्यम से समय पर बीमारियों को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। चूंकि अनियंत्रित रक्त शर्करा का स्तर कई गंभीर जटिलताओं से जुड़ा होता है, इसलिए समय पर बीमारी को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक सावधानी बरतने की जरूरत होती है। डायबिटीज के शुरुआती चरण में आपको बार-बार पेशाब आना, भूख बढ़ जाना, धुंधली दृष्टि, थकान, प्यास बढ़ जाना, हाथ-पैरों में झुनझुनी, यीस्ट संक्रमण और घावों का धीमी गति में सही होना जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। डायबिटीज के लक्षण त्वचा पर भी दिखाई देते हैं। अनियंत्रित रक्त शर्करा का स्तर भी रोगी की त्वचा को प्रभावित करता है। यहां हम आपको त्वचा पर दिखने वाले डायबिटीज के कुछ सामान्य लक्षणों के बारे में बता रहे हैं।



### त्वचा पर दिखने वाले डायबिटीज के लक्षण क्या हैं

शुरुआती चरण के दौरान एक डायबिटीज रोगी की त्वचा पर पैच दिखाई दे सकते हैं। डार्क स्किन के ये पैच गर्दन या बगल (कांख) पर दिखाई दे सकते हैं। यह पैच सॉफ्ट हो सकता है। कुछ मामलों में व्यक्ति को रूखी त्वचा का अनुभव हो सकता है।

**डायबिटीज और त्वचा संबंधी समस्याओं के बीच क्या संबंध है?**

अनियंत्रित ब्लड शुगर लेवल मुख्य रूप से त्वचा संबंधी समस्याओं को जन्म देता है। विशेषज्ञों की मानें तो मधुमेह और त्वचा के संबंधी समस्याओं के बीच एक गहरा संबंध है, जिसे नकारा नहीं जा सकता है। त्वचा संबंधी ऐसी कई समस्याएं हैं जो मधुमेह के कारण हो सकती हैं। हालांकि, इन त्वचा संबंधी समस्याओं को डायबिटीज को नियंत्रित कर रोका जा सकता है। डायबेटिक डर्मोपैथी एक शब्द है जिसका उपयोग विशेष रूप से पैरों के सामने की त्वचा पर छोटे, भूरे धब्बों का वर्णन करने के लिए किया जाता है। रोगी आमतौर पर इन त्वचा के धब्बों के कारण कोई लक्षण विकसित नहीं करते हैं और ये डायबिटीज के ज्यादातर रोगियों में होते हैं। यह लंबे समय से डायबिटीज वाले पुराने रोगियों में अधिक आम है। त्वचा में ये बदलाव डायबिटीज के कारण त्वचा में रक्त परिसंचरण में कमी के कारण होते हैं।

### उपचार के क्या विकल्प हैं

हालांकि, अपने आप में इस स्थिति को किसी विशिष्ट उपचार की आवश्यकता नहीं है, यह अच्छी तरह से डायबिटीज की अधिक गंभीर जटिलताओं की उपस्थिति का संकेत दे सकता है जैसे रेटिनोपैथी (आंख को नुकसान), नेफ्रोपैथी (गुर्दे की क्षति) और न्यूरोपैथी (तंत्रिका क्षति)। कॉस्मेटिक छलावरण शायद आवश्यकता होने पर त्वचा के धब्बों की उपस्थिति को छिपाने के लिए उपयोग किया जाता है। डायबिटीज रोगियों में इस तरह के धब्बों का पता चलने पर तुरंत अपने ब्लड शुगर की जांच कराने की आवश्यकता है। डायबिटीज डर्मोपैथी के रोगियों में डायबिटीज का नियंत्रण अन्य जटिलताओं के जोखिम को कम कर सकता है।

### अन्य त्वचा संबंधी समस्याएं

- डायबिटीज के मरीजों में बुलोसिस डायबिटिकोरम भी एक समस्या है, जहां त्वचा में फफोले विकसित होते हैं।

- टाइप 1 डायबिटीज वाले कई मरीज त्वचा की कठोरता का विकास करते हैं जिसे डायबिटिक चीयरोएथ्रोपैथी के नाम से जाना जाता है।

- नेक्रोबायोसिस लिपोइडिका एक ऐसी स्थिति है जिसमें पैरों के सामने की त्वचा में पीले, मोमी धब्बे दिखाई देते हैं।

- डायबिटीज रोगी, खासकर मोटापे के कारण, त्वचा की सिलवटों का कालापन और गाढ़ा हो जाना, इंसुलिन प्रतिरोध के कारण हो सकता है। इस स्थिति को एसेंथोसिस निग्रिकंस कहा जाता है। इनके अलावा, डायबिटीज के रोगियों को विशेष रूप से प्राइवेट पार्ट के आसपास फंगल इंफेक्शन विकसित होने का खतरा होता है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-5-7९-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पारिवारिक विवाद टाले। शुभांक-1-3-4

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-4-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बांधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-3-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-2-4-5


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शांतिपूर्वक नित्य कार्य करे। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-1-3-5

## काकुरो पहेली - 3379




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 3378 का हल



## हंसी के फूव्वारें

कठघरे में खडे चोर से जज ने कहा, 'अजीब बात है, जब मैं वकील था तो तुमने मुर्गी चुरायी, जब मैं सरकारी वकील बना तो तुमने एक बकरी चुरायी और आज जब मैं जज बन गया हूं तो तुमने एक भैंस चुरायी आखिर ऐसा क्यों?'

चोर - हुजूर, वजह बहुत साफ है, आपके साथ-साथ मैने भी तरक्की की है.

❑ ❑ ❑

मीना (रीना से) - बिना बांहों का स्वेटर तुम कितने दिनों में बना सकती हो.

रीना (मीना से)- यह तो रिश्ते पर निर्भर करता है. यदि स्वेटर प्रेमी का है तो दो दिन में, जीजा का है तो सात दिन में और यदि पति का है तो दो महीने भी लग सकते हैं.

❑ ❑ ❑

एक भिखारी को बैंक में घुसते देख चौकीदार बोला, 'अरे-अरे बाबा आगे जाओ यहां कुछ नहीं मिलेगा.'

भिखारी (चौकीदार से)- अरे भैया, मै यहां कुछ लेने नहीं अपना पैसा जमा कराने आया हूं.

❑ ❑ ❑

पत्नी (पति से)- कितनी बार कहा है कि अपने बालों में खिजाब लगाओ, बुड्ढे नजर आते हो.

पति (पत्नी से)- अरे भाग्यवान! अगर मैंने बालों में खिजाब लगा लिया तो लड़कियों से बेधड़क बात नहीं कर पाऊंगा.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3379



**बायें से दायें:-**

१. 'सारे शहर में आप सा कोई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जब जब प्यार पे पहरा हुआ' गीत वाली की फिल्म-३
६. मिथुन, मधु, रंभा की 'तुम्हें हम बहुत प्यार करने लगे' गीत वाली फिल्म-३
७. 'तेरी प्यारी प्यारी' गीत वाली राजेंद्र कुमार, बी. सरोजादेवी की फिल्म-४
८. बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली फिल्म-३
९. राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
१४. 'सरकाय लेओ खटिया' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-२,२
१७. फिल्म 'शहीद' में नायिका?-३
१८. 'आई बहार खिलते हैं दिल' गीत वाली सलमान, रेवती की फिल्म-२
२०. शशिकपूर, रेखा की 'जाने कैसे बीतेंगी ये बरसातें' अभिनीत फिल्म-३
२२. 'मच गया शोर सारी' गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म-३
२४. ऋषि, टीना की 'एक हसीना थी एक दीवाना था' गीतवाली फिल्म-२
२५. धर्मेन्द्र, मनोजकुमार, सायरबनो की फिल्म-२
२६. रणधीरकपूर, रेखा की 'हो देख तुझको दिल ने कहा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२८. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'दीवाने हैं दीवानों से तू' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'आइये आ जाइये, आ ही जाइये' गीत वाली अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, मनीषा, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
३१. राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला की 'नी मैं यार मनाना' गीत वाली फिल्म-२
३२. अमिताभ, जीनत की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बचपन की मोहब्बत को' गीत वाली भारतभूषण, मीना की फिल्म-२,३
२. सुनील दत्त, मीना की फिल्म-३
३. 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली कमल हासन, श्रीदेवी की फिल्म-३
४. लकी अली, मीरा की 'जाना है जाना है चलते ही' गीत वाली फिल्म-३
५. 'मेरे सपनों की रानी कब' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१०. नसीरूद्दीनशाह, शबाना की 'सीली हवा छू गई' गीत वाली फिल्म-३
११. 'ऐसी रंग दे पिया' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा मालिनी की फिल्म-२
१२. सनी, अमृता की 'ये मेरी जिंदगी बेजान लाश थी' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'ठहरो तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा कोइराला की फिल्म-४
१५. 'एक लड़की बस गई' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'भोर आई गया अंधियारा' गीत वाली राजेश खन्ना, जया की फिल्म-३
१९. कमल सदाना, काजोल की 'जब ना माना दिल दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आशायें खिलें दिल की' गीत वाली नसीर, श्रेयस, श्वेता की फिल्म-४
२३. अनिलकपूर, फरहा की 'पूछ रही है लड़की हैदराबादी' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
२९. संजयदत्त, अभिषेक, जायेदखान, ईशा देओल, राइमासेन, शिल्पा की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3378

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | त्स | व | | चि | श | ग | | खौ | फ |
| स्ता | | च | रि | त्र | | म | स्त | | र |
| द | म | न | | ले | कि | न | | शा | दी |
| | र्या | | रे | खा | | | ना | गि | न |
| अं | दा | ज | | | प्या | सा | | र्द | |
| गू | | मा | चि | स | | ज | ख्मी | | जं |
| र | वी | ना | | ल | गा | न | | जं | ग |
| | र | | हे | मा | | | सी | | ली |
| बे | ता | बी | | न | या | ज | मा | ना | |
| टा | | ना | ना | | दे | | | म | स्ती |

## सूडोकु -3379

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3378 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

## शब्द पहेली - 3379



**बाएँ से दाएँ**

1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**

1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली -3378 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | | स | म | झ | दा | र |
| म | | र | ह | म | | म | द | न | | म |
| र | त | | | ची | | झो | | | वा | णी |
| ख | स | | ना | न | ख | ता | ई | | रा | य |
| ना | ला | य | क | | त्म | | मा | त | ह | त |
| | | | क | था | | का | न | | | |
| प | न | घ | ट | | आ | | दा | न | वी | र |
| व | र | | ना | ना | स | सु | र | | र | वि |
| न | म | | | म | | चा | | | ता | न |
| सु | | आ | स | व | | ल | ह | र | | य |
| त | ल | ब | गा | र | | न | क | ब | ज | न |

# प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग किया तो होगी सख्त कार्रवाई : विक्रम सिंह

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह के निर्देशानुसार हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड फरीदाबाद और नगर निगम फरीदाबाद द्वारा सिंगल यूज़ प्लासटिक के उल्लंघनकर्ताओं पर जुर्माना लगाने और उनका सख्ती से सामना करने के लिए नियमित रूप से संयुक्त निरीक्षण नियमित तौर पर किए जा रहे हैं। यह निरीक्षण विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, दुकानों और बाजारों में सिंगल यूज़ प्लासटिक उत्पादों के उपयोग की स्थिति की जांच करने के लिए किया जा रहा है। जब किसी उल्लंघनकर्ता को प्रतिबंधित प्लासटिक का उपयोग करते हुए पाया जाता है, तो उन पर जुर्माना लगाया जाता है और साथ ही उनका सिंगल यूज़ प्लासटिक सामग्री भी जब्त कर लिया जाता है। यह कदम राज्य में प्लासटिक के अवैध उपयोग को कम करने के लिए महत्वपूर्ण है। डीसी ने बताया कि इस कार्रवाई का उद्देश्य प्लासटिक के अवैध व्यापार और उपयोग को रोकना है, जिससे पर्यावरण पर इसके हानिकारक प्रभावों को कम किया जा सके। सभी अवैध रूप से उपयोग किए जा रहे प्लासटिक उत्पादों को जब्त कर उनकी पुनः बिक्री या उपयोग पर रोक लगाई जाती है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि पर्यावरण की रक्षा की जा रही है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य राज्य में सिंगल यूज प्लासटिक के प्रयोग को पूरी तरह समाप्त करना और एक स्वच्छ, सुरक्षित पर्यावरण की दिशा में कदम बढ़ाना है।



# अंधकारमय भविष्य की ओर धकेलता है बाल विवाह : हेमा कौशिक

## प्रेस कॉलोनी स्थित सरकारी स्कूल में बाल विवाह न करने की दिलाई शपथ




**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** केंद्र सरकार द्वारा बाल विवाह के खिलाफ अभियान 'बाल विवाह मुक्त भारत' की शुरुआत की गई है। देश में बाल विवाह की घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को इस परंपरा के दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए जिले के सरकारी स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई जा जिसके तहत गुरुवार को प्रेस कॉलोनी स्थित सरकारी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम चलाकर बाल विवाह न करने के लिए जागरूक किया गया।

इस अवसर पर हेमा कौशिक ने बताया कि बाल विवाह के परिणामस्वरूप बच्चे अपनी शिक्षा पूरी नहीं कर पाते और उनका व्यक्तिगत विकास रुक जाता है। लड़कियों के मामले में, यह प्रथा उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत पर गंभीर प्रभाव डालती है। कम उम्र में मां बनने से जच्चा-बच्चा दोनों के स्वास्थ्य पर खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा, बाल विवाह घरेलू हिंसा, शोषण, और गरीबी के दुष्चक्र को भी बढ़ावा देता है। बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए शिक्षा और जागरूकता महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। लड़कियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करना, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, और परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना इस समस्या का प्रभावी समाधान हो सकता है। इसके अलावा, सामुदायिक सहभागिता और परंपरागत मान्यताओं में बदलाव लाना भी जरूरी है। इस अवसर पर स्कूली छात्र, अध्यापक और संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# नशा कोई भी अच्छा नहीं है



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**पंचकूला।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में हरियाणा राज्य में नशे के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार को हरियाणा में नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार का कार्य दिया हुआ है। वे प्रतिदिन हरियाणा के किसी न किसी स्थान पर जागरूकता कार्यक्रम करते हैं। आज वे हीपा द्वारा आयोजित नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत नशे के विरुद्ध व्याख्यान के लिए पहुंचे हुए थे। हीपा के कोर्स डायरेक्टर राम सरण की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। पंचकूला और कैथल से पहुंचे एमसी के साथ एक दिवसीय कार्यशाला में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे की परिभाषा, नशे के प्रकार, नशे के प्रभाव, नशे के सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक और शारीरिक दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए कहा कि नशा कोई भी अच्छा नहीं है। प्रत्येक नशे पर गहनता से वर्णन करते हुए बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो का गठन केवल इसीलिए किया है ताकि नशा मुक्त हरियाणा बने। उन्होंने कहा कि यद्यपि समाज में बुरे लोगों की संख्या अधिक नहीं है लेकिन यहाँ अच्छे लोग अधिक हैं तो भी बुरे लोग अच्छे लोगों पर भारी पड़ते हैं। अधिकतर अच्छे लोगों की धारणा भी बहुत हास्यास्पद है कि मुझे क्या?? बस यही समस्या की जड़ है। जिस दिन अच्छे लोग निर्णय लेना आरम्भ कर देंगे उस दिन समस्या का अंत हो जाएगा। यही कारण है कि ब्यूरो द्वारा अच्छे लोगों को जागरूक किया जा रहा है और युवा पीढ़ी को कुमार्ग से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि ब्यूरो द्वारा प्रान्त के लिए एक हेल्पलाइन नंबर 9050891508 जारी किया हुआ है जिस पर प्रतिबंधित नशों के बारे गुप्त सुचना दी जा सकती है। एमसी को भविष्य में ब्यूरो के साथ मिलकर नही के विरुद्ध कार्यक्रम करने के लिए भी प्रेरित किया।

# खेलों का सामान ग्राम पंचायतों व नगर निकायों को कराया जाएगा उपलब्ध : डीसी



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि खेल विभाग हरियाणा के अतंर्गत हरियाणा गजैट नोटिफिकेशन (एक्सट्रा आर्डिनरी) दिनांक 28 दिसंबर 2024 के संदर्भ में हरियाणा सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों व नगर निकायों के युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करने हेतु उनके क्षेत्रों मे प्रसिद्ध खेलों को बढ़ावा देने तथा खिलाडियों को ड्रग्स जैसी बुरी आदतों से बचाने के लिए सरकार द्वारा हरियाणा प्रोविजन ऑफ स्पोर्ट्स इक्यूपमेंट स्कीम 2024-25 योजना के तहत वर्णित खेलों का सामान ग्राम पंचायतें व नगर निकायों को उपलब्ध करवाया जाना है।

इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए जिला खेल अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पंचायतें व नगर निकायों के निर्धारित शर्तो को पूरा करने पर खेल सामान दिया जायेगा। यह योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 तक के लिए निर्धारित की गई है और 31 मार्च 2025 तक मान्य होगी। इस योजना के अंतर्गत इच्छुक पंचायतें व नगर निकायों अपने यहां प्रचलित खेल व उपलब्ध खेल मैदान के आधार पर वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडो तथा क्रिकेट खेल का सामान प्राप्त करना चाहते है वह किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन-पत्र प्राप्त कर सकते है। योजना के नियम व शर्ते मौके पर ही उपलब्ध करा दिये जाएंगे अथवा विभाग की वेबसाईट www.haryanasports.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है।

# नगर निगम फरीदाबाद की मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए अधिकारी किए नियुक्त

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 07 दिसंबर 2024 में वर्णित हिदायतों व निर्देशों के अनुसार नगर निगम, फरीदाबाद की वार्ड वाईज मतदाता सूची तैयार की जा रही है। वे सभी नागरिक, जिनका नाम नगर निगम की मतदाता सूची में नहीं है, यदि किसी अपात्र मतदाता (मृतक / स्थान छोडकर चले गये अथवा डबल दर्ज है), किसी के नाम इत्यादि में गलती है अथवा किसी दूसरे वार्ड / मतदान केंद्र से अपना नाम बदलवाना चाहता है, तो निम्न लिखित रिवाईजिंग अर्थॉरिटी के पास निर्धारित फार्म में दावे-आपततियां 17 दिसंबर 2024 से 23 दिसंबर 2024 तक प्रस्तुत कर सकेंगे जिसका निपटारा डीसी द्वारा 03 जनवरी 2025 तक किए जाने के फलस्वरूप नगर निगम फरीदाबाद की मतदाता सूचियों का वार्ड वाईज अतिंम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को कर दिया जाएगा।

**संशोधन प्राधिकारी के रूप में नियुक्त अधिकारियों की सूचि**

वार्ड नंबर एक, दो और तीन के लिए नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त गौरव अंतिल (8901453584) और जीएमडीआईसी सचिन (9877162640), वार्ड नंबर चार और पांच के लिए उप जिला परिषद परमिंद्र सिंह (9582740761) और एक्सईएन पंचायती राज परवीन गोठवाल (9416063632), वार्ड नंबर छह, सात और आठ के लिए एमसीएफ संयुक्त आयुक्त जितेन्द्र कुमार (9871561943) और एचएसवीपी एक्सईएन इलेक्ट्रिकल जोगिंदर सिंह (991003975), वार्ड नंबर नौ और दस के लिए एसटीपी टाउन एंड कंट्री प्लानिंग देवेंद्र (9416777250) और एक्सईएन, पब्लिक हेल्थ अमित जैन (8901415415), वार्ड नंबर ग्यारह, बारह और तेरह के लिए उपमंडल अधिकारी बड़खल अमित मान (9990814848) और एमसीएफ एक्सईएन, डिवीजन 1 पद्म भूषण (7042144566), वार्ड नंबर पंद्रह, सोलह और सत्रह के लिए डीडीपीओ प्रदीप कुमार (9991188187) और बीडीपीओ तिगांव अजित सिंह (9812981325), वार्ड नंबर अठारह, उन्नीस और बीस के लिए डीआरओ सुशील शर्मा (9306667174) और नायब तहसीलदार बड़खल उमेश कुमार (9211110678), वार्ड नंबर बाईस, तेईस और चौबीस के लिए नगर निगम संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार (8410000022) और एक्सईएन एमसीएफ सुशील कुमार (9891981947), वार्ड नंबर पच्चीस, छब्बीस और सताइस के लिए उपमंडल अधिकारी शिखा (8168895552) और नायब तहसीलदार फ़रीदाबाद यशवन्त (9212755419), वार्ड नंबर अठाइस, उनत्तीस और तीस के लिए एचएसवीपी संपदा अधिकारी सिद्धार्थ दहिया (7056756625) और बीडीपीओ बल्लभगढ़ पूजा शर्मा (9671002887), वार्ड नंबर चौदह, इकतीस और बत्तीस के लिए आरटीए सचिव मुनीश सहगल और एक्सईएन सिंचाई (यांत्रिक प्रभाग) हितेश (9991116944) को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार वार्ड नंबर इक्कीस, तेंतीस और चौंतीस के लिए डीटीपी प्लानिंग अमित मधोलिया (9996693467) और एनटी तिगांव जय प्रकाश (941677010), वार्ड नंबर पेंतीस, छत्तीस और सेंतीस के लिए उपमंडल अधिकारी बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज (8587035383) और तहसीलदार बल्लबगढ़ भूमिका लांबा (9999420200), वार्ड नंबर अड़तीस, उन्तालीस और चालीस के लिए एमसीएफ संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह (9466439838) और एक्सईएन एमसीएफ ओपी कर्दम (9818525505), वार्ड नंबर इकतालीस, ब्यालिस और तेरयालीस के लिए संयुक्त आयुक्त एमसीएफ सुश्री द्विजा (7056239693) और एक्सईएन एमसीएफ ओम दत्त (9467788826), वार्ड नंबर चवालीस पेंतालिस और छयालीस के लिए डीटीपी इंफोर्स्मेंट राजेंद्र शर्मा (9717198888) और एटीपी इंफोर्स्मेंट सचिन (8510898309) को नियुक्त किया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त साहिल गुप्ता को इस संबंध में समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# घरों व मंदिरों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश 4 आरोपियो को किया काबू



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस द्वारा लगातार सफलताएं प्राप्त की जा रही है, इसी क्रम में अपराध शाखा सेक्टर 85 ने पुलिस अपराध उपायुक्त अपराध मकसूद अहमद के मार्गदर्शन तथा अमन यादव सहायक पुलिस आयुक्त अपराध के दिशा निर्देश पर कार्यवाही करते हुए घरों व मंदिरों में चोरी करने वाले एक गिरोह के चार सदस्य हरीश उर्फ हरिया, सचिन उर्फ सागर, कंचन उर्फ शिव शंकर, राजेश उर्फ सरकटा को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बतलाया कि अपराध शाखा की टीम ने मंदिरों में चोरी करने वाले सक्रिय गिरोह के चार सदस्यो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी हरिश वासी भारत कॉलोनी खेडीपुल, सचिन वासी राजेन्द्र कॉलोनी मवई, कंचन उर्फ शिव शंकर वासी हरी नगर खेडू पुल तथा राजेश वासी तिगांव के रहने वाले है। आरोपियो से थाना सेक्टर-8, सूरजकुण्ड, NIT, डबुआ पल्ला व खेडी पुल में पंजीकृत कुल 6 चोरी की वरदातों का खुलासा हुआ है। पूछताछ में ज्ञात हुआ है कि सभी आरोपी दोस्त है जिनके द्वारा मिलकर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर ग्रीन फिल्ड, खाटूश्याम मंदिर सेक्टर-3, NIT, पल्ला व डबुआ के मंदरो में चोरी की गई है। इसके अतिरिक्त आरोपी हरिश व सचिन ने थाना खेड़ीपुल क्षेत्र के अंतर्गत साईं बजट कॉम्प्लेक्स सेक्टर 86 में एक इनवर्टर बैटरी की दुकान से बैटरियां व अन्य सामान की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। अनुसंधान के दौरान आरोपी हरिश व सचिन से चोरी के 20000/-रु बरामद किए गए है। जिनको पूछताछ के बाद जेल भेजा गया है। आरोपी राजेश व कंचन पुलिस रिमांड पर है जिनसे पूछताछ जारी है। अपराधिक रिकॉर्ड अनुसार आरोपी सचिन उर्फ सागर पर चोरी के 3 व अवैध हथियार के 2 मामले, हरीश उर्फ हरिया पर चोरी के 2 मामले, राजेश पर चोरी के 4 मामले तथा कंचन पर चोरी व पीओ के 3 मामले दर्ज है।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जान मोहम्मद को हरियाणा भाजपा ने मोदी रत्न से नवाजा

**भाजपा के सदस्यता अभियान में जान मोहम्मद को 20 हजार से ज्यादा सदस्य बनाने पर दिया सम्मान**




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष व नूंह जिले के जिला परिषद के अध्यक्ष जान मोहम्मद को प्रदेश में भाजपा के चल रहे सदस्यता अभियान में 20 हजार से ज्यादा सदस्य बनाने पर भाजपा द्वारा मोदी रत्न से नवाजा गया है। इस दौरान भाजपा ने अपने प्रदेश के फेसबुक पेज पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष जान मोहम्मद का फोटो लगाकर मोदी रतन देने की पोस्ट भी वायरल की है। जिससे नूंह जिले के जिला प्रमुख जान मोहम्मद के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। आपको बता दें कि इससे पहले 10 हजार से ज्यादा सदस्य बनाने पर नूंह जिले के जिला प्रमुख व भाजपा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष जान मोहम्मद को मोदी मित्र गौरव से भी नवाजा गया था।

जिला प्रमुख जान मोहम्मद नूंह जिले में सबसे ज्यादा भाजपा के सदस्यता अभियान में सदस्य बनाने वाले भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता हैं। जिन्होंने बड़ी मेहनत और लगन के साथ भाजपा के सदस्यता अभियान को तेज गति से बढ़ाते हुए 20 हजार से भी ज्यादा कार्यकर्ता इस अभियान में जोड़े हैं। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष जान मोहम्मद का कहना है कि वह भाजपा के सच्चे ,ईमानदार और कर्मठ सिपाही है। उन्होंने हमेशा भाजपा के लिए ईमानदारी से कार्य किया है और भाजपा के सदस्यता अभियान में भी उन्होंने जी तोड़ मेहनत कर नूंह जिले से भाजपा के इस सदस्यता अभियान में ज्यादा से ज्यादा सदस्य जोड़ने के लिए दिन-रात मेहनत की है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य अभी बाकी है और इस अभियान में वह और भी ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश की जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। देश और प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहे हैं, जिससे आज देश और प्रदेश का हर वर्ग खुशी है।

# 524 ग्राम गांजा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा टीम 11 दिसम्बर को गस्त पर थी, गस्त के दौरान अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से एक व्यक्ति लक्की उर्फ चन्दन नेहरु कालोनी बिजली बोर्ड के साथ गांजा बेचने का काम करता है। जो गांजा बेचने के लिए नेहरु कालोनी बिजली बोर्ड के पास खडा है। जिसको अपराध शाखा टीम ने मौके से काबू किया है। काबू आरोपी लक्की उर्फ चंदन वासी नहेरु कॉलोनी डबुआ का रहने वाला है। जिससे 524 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना डबुआ में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गांजा को दिल्ली में किसी व्यक्ति से 6000/-रु में खरीद कर लिया था। आरोपी गांजा को बेचकर मुनाफा कमाना चहाता था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्यवाही की गई।

# सामुदायिक पुलिसिंग द्वारा एचआईवी के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस लगातार लोगो को जागरुक करने के लिए जागरुकता प्रोग्राम कर रही है इसी क्रम में सामुदायिक पुलिसिंग टीम द्वारा पुलिस लाइन सेक्टर-30 में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एक विशेष एचआईवी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने करीब 450 नवनियुक्त महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों को एचआईवी के बारे में जागरूक किया। उन्होंने एचआईवी के कारण, प्रभाव और बचाव के उपायों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इसके पश्चात, सभी प्रतिभागियों ने रस्साकसी खेल में भाग लिया। प्रतियोगिता में विजेता टीम को स्वास्थ्य विभाग की ओर से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन युवाओं और पुलिसकर्मियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

## संपादकीय

# बहुमत की इच्छा से आखिर क्यों नहीं चलेगा देश?

कहते हैं कि जो राजा या शासन पद्धति जनभावनाओं को नहीं समझ पाते हैं, रणनीतिक रूप से अकस्मात गोलबंद किए हुए उग्र लोगों के द्वारा नष्ट कर दिए जाते हैं। मुगलिया सल्तनत से लेकर ब्रिटिश साम्राज्य का हश्र हमारे-आपके सामने है। वहीं, एक बार नहीं बल्कि कई दफे हुआ पारिवारिक लोकतांत्रिक सत्ता का पतन भी आप सबके सामने हैं, जबकि इसको यथावत बनाए रखने के लिए कथित धर्मनिरपेक्षता व जातिवाद की आड़ लेकर क्रमशः अल्पसंख्यक और आरक्षण जैसे पक्षपाती विचारों का भी पालन-पोषण किया गया तथा तुष्टिकरण की नीतियों तक को बेहिसाब बढ़ावा दिया गया। फिर भी हश्र सबके सामने है। वैश्विक और भारतीय परिस्थिति भी अब इस बात की चुगली कर रही है कि इन्हें शह देने वाले संविधानों व उस पर आधारित कुछ अतिवादी कानूनों का भी देर-सबेर कुछ यही हश्र होने वाला है, आज नहीं तो निश्चय कल! साथ ही उस बनावटी लोकतंत्र का भी, जो पूंजीवादी देशों की रखैल बन चुका है, क्योंकि वे इसका मनमाफिक दुरुपयोग कर रहे हैं। ऐसे में हमारी संसद और सर्वोच्च न्यायालय दोनों को दूरदर्शिता दिखानी होगी, और पाकिस्तान-बांग्लादेश समेत अन्य इस्लामिक देशों के बदलते प्रशासनिक घटनाक्रमों से सबक लेना होगा, अन्यथा भारत को भी आतंकवादी ताकतें उसी तरह से नष्ट कर देंगी, जैसे उदाहरण इस्लामिक देशों में भरे पड़े हैं।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

अलबत्ता इलाहाबाद हाईकोर्ट के हिंदूवादी जज जस्टिस शेखर कुमार यादव के बहुमत से चलेगा देश जैसे स्पष्टवादी बयान को भी उपर्युक्त नसीहतों की कसौटी पर ही कसा जाना चाहिए। अन्यथा संसद और सुप्रीम कोर्ट की मनमर्जी (षडयंत्रकारी धर्मनिरपेक्षता/पंथनिरपेक्षता के संदर्भ में) भारत को भी अशांत इस्लामिक मुल्क बना देगी, जो हमारे कतिपय धर्मनिरपेक्ष दलों का अघोषित सियासी एजेंडा है, जिससे समय रहते ही सावधान हो जाने की जरूरत है। यदि भारत के विद्वान न्यायाधीश, अधिवक्ता, प्रोफेसर, राजनेता, पत्रकार और बुद्धिजीवियों के समूह इस तथ्य को अब और नजरअंदाज करेंगे तो अशांत मुल्क के रूप में अगला नम्बर हमारे देश का ही होगा। जिसके ट्रेलर मोदी काल में जहां तहां विपक्ष के इशारे पर दिखाई भी दे रहे हैं। देखा जाए तो विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के एक बौद्धिक व राष्ट्रवादी प्रोग्राम 'समान नागरिक संहिता: एक संवैधानिक अनिवार्यता' विषय पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के हिंदूवादी जज जस्टिस शेखर कुमार यादव के द्वारा दिए गए विवादित बयान पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा संज्ञान लिया जाना उचित है, लेकिन इसकी सांगोपांग व्याख्या से पहले वह अपने पड़ोसी देशों के हश्र भी देख ले, जहां भारत को कमजोर करने वाले अमेरिकी और चीनी एजेंडे के अनुगामियों ने, उग्रपंथियों ने वहां की धर्मनिरपेक्ष सरकारों को अपदस्थ कर दिया और हिंदुओं पर नाना प्रकार के जुल्म कर रहे हैं। उनकी घटती आबादी इसका सबूत है। जबकि भारत की उदारवादी संसदीय नीतियों और उनकी सुप्रीम व्याख्या की अदूरदर्शिता से यहां की जनसंख्या बेतहाशा बढ़ी है, बेरोजगारी और भरण-पोषण का संकट उतपन्न हुआ है और कानून के उस शासन को भी अब कथित भीड़तंत्र के द्वारा जगह-जगह चुनौती मिल रही है। इस सूरतेहाल पर हमारी संसद और सुप्रीम कोर्ट की किंकर्तव्यविमूढ़ता भी जनहित के नजरिए से सवालों के घेरे में है, क्योंकि शांतिपूर्ण तरीके से जीना अब इस देश में भी मुहाल होता जा रहा है, इस्लामिक देशों की तरह। ऐसा इसलिए कि दुनिया की दूसरे सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी भारत में रहती है और इन्हें शिक्षित करने और उग्रपंथी विचारों से अलग रखने में हमारा प्रशासन बुरी तरह से विफल प्रतीत हुआ है। कश्मीर, पश्चिम बंगाल, केरल के अलावा जहां भी मुस्लिमों की ज्यादा आबादी है, वहां पुलिस प्रशासन की चुनौतियों को भी समझा जा सकता है। यह बात आज देश के हर बुद्धिजीवी को अखड़ रही है कि आखिर वोट बैंक की धर्मनिरपेक्ष राजनीति हमें किधर ले जा रही है और इसमें बदलाव के लिए क्या किया जा सकता है! कहना न होगा कि हमारे निर्वाचित नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों व न्यायाधीशों की तरह ही स्पष्टवादी बुद्धिजीवियों के भी कुछ विशेषाधिकार हैं, जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से संरक्षित हैं और जनमत निर्माण में यथोचित योगदान देते आए हैं, इसलिए जस्टिस यादव के विचारों को भी हमें इसी कसौटी पर कसने की जरूरत है। क्योंकि उन्होंने अपने सम्बोधन के क्रम में ही यह साफ कर दिया था कि ये बातें वे जज की हैसियत से नहीं, बल्कि एक आम प्रबुद्ध भारतीय की हैसियत से कह रहे हैं और इस पर अडिग रहने की जरूरत है। वर्तमान में शेखर कुमार यादव इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायाधीश हैं। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से 1988 में लॉ ग्रेजुएट शेखर कुमार यादव ने 1990 में वकील के रूप में अपना रजिस्ट्रेशन कराया था। उन्हें 12 दिसंबर, 2019 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। 26 मार्च, 2021 को उन्होंने स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी। अपनी पदोन्नति से पहले उत्तर प्रदेश राज्य के स्थायी वकील रहे। भारत संघ के लिए अतिरिक्त स्थायी वकील रहे। यूपी की अदालतों में रेलवे के लिए स्थायी वकील का पद संभाला था। जस्टिस शेखर यादव 2026 में रिटायर होंगे। गत 1 सितंबर, 2021 को जस्टिस शेखर कुमार यादव ने कहा था कि वैज्ञानिकों का मानना है कि गाय ही एकमात्र जानवर है, जो ऑक्सीजन छोड़ती है। सबसे पहले हम आपको यह बता रहे हैं कि जस्टिस यादव ने कब और क्या कहा था, जिसको लेकर अब नैतिक और कानूनी सवाल उठाए जा रहे हैं? दरअसल, जस्टिस शेखर कुमार यादव ने कहा कि मुझे यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि यह हिंदुस्तान है, यह देश हिंदुस्तान में रहने वाले बहुसंख्यक की इच्छा के मुताबिक काम करेगा। यह कानून है... आप यह नहीं कह सकते कि आप हाईकोर्ट के जज होने के नाते ऐसा कह रहे हैं। कानून बहुमत के हिसाब से काम करता है, परिवार या समाज के कामकाज को देखें, यह बहुमत ही तय करता है। परिवार या समाज में जो बात ज्यादा लोगों को मंजूर होती है, वही स्वीकार की जाती है। केवल वही स्वीकार किया जाएगा, जो बहुसंख्यकों के कल्याण और खुशी के लिए फायदेमंद हो। अपने संबोधन में उन्होंने शाहबानो केस का ज़िक्र करते हुए कहा कि भारत अपने बहुसंख्यकों की इच्छा के अनुसार चलेगा। उन्होंने बातों ही बातों में यहां यहां तक कहा कि, कठमुल्ला शब्द गलत है लेकिन यह कहने में परहेज नहीं है क्योंकि वो देश के लिए बुरा है। वो जनता को भड़काने वाले लोग हैं। देश आगे न बढ़े, इस प्रकार की सोचने के लोग हैं। उनसे सावधान रहने की जरूरत है। वहीं, मुस्लिम समुदाय का नाम लिए बिना उन्होंने कहा, हमारे यहां बच्चा जन्म लेता है तो उसे ईश्वर की तरफ ले जाते हैं। वेद मंत्र बताते हैं, उनके यहां बच्चों के सामने बेजुबानों का बेरहमी से वध किया जाता है। फिर कैसे अपेक्षा की जाती है कि वो उदार होगा। कहने का तातपर्य यह कि हिंदुओं के बच्चों को हमेशा दयालु और अहिंसक होने की शिक्षा दी जाती है, लेकिन मुस्लिम समुदाय में ऐसा नहीं है। जस्टिस शेखर कुमार यादव ने यूनिफॉर्म सिविल कोड पर कहा कि यह देश भारत है, यहां रहने वाले भारतीय हैं। देश एक है और एक संविधान है तो कानून क्यों नहीं है? देश के महापुरुषों का अनादर करने का अधिकार नहीं है। इस देश में हलाला, तीन तलाक नहीं चलने वाला है। आप चार पत्नियां रखने, हलाला करने या तीन तलाक करने का अधिकार नहीं मांग सकते। अगर आप कहते हैं कि हमारा पर्सनल लॉ इसकी अनुमति देता है, तो इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म व हत्या के मामले में पिनगवां पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई, लोगों ने की पुलिस की सराहना

### पिनगवां पुलिस ने 10 दिनों में पेश की 184 पेज की चार्जशीट

### आरोपी को जल्द से जल्द सख्त सजा दिलवाने के की त्वरित कार्रवाई : सुभाष





**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह जिले के थाना पिनगवां के अंतर्गत गत एक दिसम्बर को घटित एक संवेदनशील और जघन्य अपराध के मामले में पिनगवां पुलिस ने त्वरित और सख्त कार्रवाई करते हुए मात्र 10 दिनों में 184 पेज की चार्जसीट पेश कर दी है। इस मामले में पिनगवां पुलिस ने आरोपी को घटना के दिन ही गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में साढ़े तीन वर्षीय बच्ची के साथ आरोपी द्वारा दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। पिनगवां थाना प्रभारी सुभाष ने बताया कि इस मामले को प्राथमिकता देते हुए तुरंत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करके 10 दिनों के भीतर ही 184 पेज की विस्तृत चार्जशीट तैयार कर न्यायालय में पेश कर दी गई है। चार्जशीट में वैज्ञानिक साक्ष्यों, गवाहों के ब्यान और तकनीकी सबूतों को शामिल किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के साथ-ही घटनास्थल का निरीक्षण और सबूत एकत्र किए गए थे। इसके बाद गवाहों और आरोपी के ब्यान रिकॉर्ड किए गए। उसी कार्रवाई के दौरान डिजिटल फोरेंसिक और डीएनए परीक्षण रिपोर्ट को शामिल किया गया था। पिनगवां थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुभाष चंद ने बताया कि यह मामला पुलिस के लिए बेहद संवेदनशील था। उनकी टीम ने पूरी लगन से उनके साथ काम किया और सभी जरूरी साक्ष्यों को जल्द से जल्द इकट्ठा किया, ताकि न्याय सुनिश्चित हो सके। आरोपी को सख्त सजा दिलाने के लिए पुलिस पूरी प्रक्रिया का ध्यान रख रही हैं और आरोपी न्यायिक हिरासत में है।

आपको बता दें कि बीते एक दिसंबर को पिनगवां थाना क्षेत्र के एक गांव में देर शाम 30 वर्ष के एक शख्स ने साढे तीन साल की मासूम के साथ दुष्कर्म कर उसकी निर्मम तरीके से हत्या कर दी थी। आरोपी घर के आंगन में अपने भाई के साथ खेल रही मासूम को चिप्स का लालच देकर घर से करीब 200 मीटर दूर पहाड़ में लेकर गया था। जहां शराब के नशे में वारदात को अंजाम दिया। फिर शव को पहाड़ में छुपा कर घर लौट आया। ग्रामीणों को रात 11:00 बजे मासूम का शव पहाड़ में खून में लथपथ अवस्था में मिला था। सूचना के बाद पुलिस ने इस मामले में गंभीरता दिखाई और घटनास्थल से जांच के नमूने और बच्ची के शव को पोस्टमार्टम करने के लिए अस्पताल भिजवाया। साथ ही आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद आरोपी को जल्द से जल्द कड़ी सजा दिलाने की मांग उठी थी। अब पुलिस की ओर से आश्वासन दिया गया है कि इस मामले में तेजी से न्याय दिलाने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की है। पीड़िता और उसके परिवार को न्याय दिलाने की यह पहल नूह पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ाने का काम करेगी।

**क्या कहते हैं जिले के पुलिस कप्तान विजय प्रताप**

नूंह जिले के पुलिस कप्तान विजय प्रताप का कहना है कि इस मामले में आरोपी ने जो मासूम बच्ची के साथ जघन्य अपराध किया था। उसके लिए आरोपी को जल्द से जल्द और सख्त से सख्त सजा दिलवाने के लिए पुलिस ने मात्र दस दिनों में 184 पेज की विस्तृत चार्जसीट तैयार कर माननीय न्यायालय में पेश की है। नूंह पुलिस अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए लगातार काम कर रही है और अपराधियों की धरपकड़ जारी है। उन्होंने कहा कि नूंह जिले में अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है।

# पिनगवां को चंडीगढ़ बनाने वाले सरपंच से नहीं हुआ जाम का समाधान, आए दिन जाम हुआ आम

### पिनगवां में मेन सड़क पर अतिक्रमण कर रेहड़ी और फुटपाथ पर लगी दुकानों ने बढ़ाई राहगीरों की समस्या

### पिनगवां में सरपंच बदला, थाना प्रभारी बदला लेकिन नहीं बदले जाम के हालात



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पिनगवां में मेन सड़क पर लगने वाले जाम से आए दिन लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिनगवां में सरपंच बदला और थाना प्रभारी बदले लेकिन जाम के हालात नहीं बदले। पिनगवां की मेन सड़क पर लगी रेहड़ियों और फुटपाथ पर अतिक्रमण कर अपनी दुकान लगाने वाले दुकानदारों ने आए दिन पिनगवां में जाम को आम बना दिया है। इन दुकानदारों की वजह से चाहे किसी की इस जाम में फंसने के चलते जान जाए या कोई बड़ा जोखिम लोगों को उठाना पड़े, लेकिन इन सब बातों से जाम लगाने वाले दुकानदारों पर कोई फर्क नहीं पड़ता। जिससे कस्बा पिनगवां से गुजरने वाले या बाजार में आने वाले हजारों लोगों को इस जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। गुरुवार को भी लोगों को अतिक्रमण कर अवैध तरीके से रेहड़ी और दुकान लगाने वाले दुकानदारों की वजह से घंटे जाम का सामना करना पड़ा, लेकिन जाम में फंसे लोगों का यही कहना है कि पिनगवां में जाम की समस्या काफी समय से आम है। लेकिन इस और ध्यान देने वाला कोई नहीं है। जिससे पिनगवां से गुजरने वाले हजारों राहगीरों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस की ओर से पिनगवां में जाम से निजात दिलाने के लिए थाना प्रभारी ने दो होम गार्ड्स की नियुक्ति की हुई है। लेकिन इन होमगार्ड से रेहडी वालों का आतंक कभी भी खत्म नहीं होता। जिससे पिनगवां में चौक पर खड़े रहे होमगार्ड मात्र अपनी ड्यूटी निभाते नजर आते हैं। कस्बे के सामाजिक लोगों का कहना है कि कस्बे में जहां मेन रोड पर सवारियों को बैठाने और उतारने के लिए ऑटो, बस व अन्य इत्यादि वाहन खड़े रहते हैं, वही मेन रोड पर लगी इन अवैध रेहड़ियों और दुकानदारों की वजह से भी आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। जिससे शहर के लोगों के साथ-साथ यहां आने जाने वाले राहगीरों के लिए भी भारी परेशानी बनी हुई है।

**पिनगवां को चंडीगढ़ बनाने वाले सरपंच के दावे भी हुए फेल**

पंचायत चुनावों से पहले पिनगवां को चंडीगढ़ बनाने वाले पिनगवां सरपंच के दावे भी इस जाम को लेकर फेल होते दिखाई दे रहे हैं। चुनाव से पहले उन्होंने भी पिनगवां को चंडीगढ़ बनाने का वादा किया था, लेकिन चंडीगढ़ बनाना तो दूर, लोगों को जाम से भी राहत नहीं मिल रही है। वैसे सरपंच की मानें तो उन्होंने कई बार थाने में इस अतिक्रमण से लगने वाले जाम के लिए भी पिनगवां थाने में लिखित शिकायत दी। लेकिन आज तक भी इस अतिक्रमण को हटाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जिससे अब लोगों में यही चर्चा है कि पिनगवां को चंडीगढ़ बनाने वाले सरपंच के दावे की भी पोल खुल गई है।

### क्या कहते हैं पिनगवां थाना प्रभारी सुभाष



पिनगवां थाना प्रभारी सुभाष का कहना है कि अवैध तरीके से अतिक्रमण कर सड़क पर रेहड़ी और दुकान लगाने वाले दुकानदारों की वजह से जाम की समस्या बनी रहती है। इसके लिए उन्होंने लगातार दो होमगार्ड की ड्यूटी भी लगाए हुए है, लेकिन इन अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सरपंच के साथ मिलकर जल्द ही अभियान चला कर इन्हें हटाने का काम किया जाएगा। जिससे लोगों को जाम से निजात मिल सके।

# मिशन बुनियाद के लिए 20 दिसंबर तक होगा पंजीकरण और 24 दिसंबर को होगी परीक्षा



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शिक्षा विभाग और विकल्प फाउंडेशन के संयुक्त प्रयासों द्वारा सुपर-100 और बुनियाद परीक्षा के लिए शिक्षा विभाग ने शेड्यूल जारी कर दिया है।

जारी शेड्यूल के अनुसार बुनियाद लेवल-1 की परीक्षा 24 दिसंबर व सुपर-100 की प्रथम चरण की परीक्षा 5 फरवरी 2025 को होगी। जिसके लिए खंड स्तर पर मिशन बुनियाद और सुपर 100 कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों, अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन कमेटी के सदस्यों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगीना खंड के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्वितीय में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गीता आर्य खंड शिक्षा अधिकारी नगीना, जिला विज्ञान विशेषग रामकिशन आर्य, विकल्प फाउंडेशन से धीरज शर्मा सहित नगीना खंड के 70 से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**बीईओ गीता आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति है रूचि बढ़ाना**

बुनियाद कार्यक्रम व सुपर-100 स्कूल शिक्षा विभाग व हरियाणा सरकार की ओर से विकल्प फाउंडेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को सक्षम व प्रशिक्षित करने के लिए शुरू किया गया कार्यक्रम है। बुनियाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाना व उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण की नींव डालना है।

आर्य ने बताया कि मिशन बुनियाद की रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 20 दिसंबर तथा मिशन बुनियाद के प्रथम लेवल के एग्जाम की तिथि 24 दिसंबर इसके साथ ही सुपर 100 के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 28 जनवरी तथा प्रथम लेवल के एग्जाम की तिथि 5 फरवरी रहेगी।

**बुनियाद परीक्षा का शेड्यूल**

प्रथम चरण की परीक्षा 24 दिसंबर

परीक्षा का परिणाम20 जनवरी 2025

द्वितीय चरण की परीक्षा28 जनवरी 2025

परीक्षा का परिणाम7 फरवरी 2025

तृतीय चरण की परीक्षा11 फरवरी 2025

परीक्षा का परिणाम20 मार्च 2025

दाखिले को लेकर काउंसिलिंग25 मार्च 2025

नया बैच प्रारंभ7 अप्रैल 2025

**सुपर-100 का शेड्यूल**

प्रथम चरण की परीक्षा 5 फरवरी 2025

परीक्षा का परिणाम 20 फरवरी 2025

द्वितीय चरण की परीक्षा5 अप्रैल 2025

परीक्षा का परिणाम30 अप्रैल 2025

नया बैच प्रारंभ5 मई 2025

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कल

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** हरियाणा राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। इस लोक अदालत की सुनवाई के लिए 8 पीठासीन अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। जिला एवम सत्र न्यायाधीश एवम जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन डी आर चालिया ने ये जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सुनवाई के लिए 8 पीठों का चयन किया गया है। भिवानी कोर्ट के अलावा,तोशाम,लोहारू व सिवानी उपमंडल कोर्ट पर भी लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट भिवानी एवम-सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार शर्मा, एसीजेएम भिवानी जोगेंद्र, सीजे- जेडी- कम- जेएमआईसी भिवानी अंतरप्रित सिंह , सीजे- जेडी- कम- जेएमआईसी भिवानी हार्दिक सचदेवा, एसीजे-एसडी- कम- एसडीजेएमसी सिवानी मोहम्मद जकारिया खान, एसीजे-एसडी- कम- एसडीजेएमसी लोहारू देवेंद्र सिंह प्रथम, एसीजे- एसडी- कम- एसडीजेएमसी तोशाम सुनील कुमार को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त किए गए है। इसके अलावा लोक अदालत के केसों को लेने के लिए न्यायालय के जजों की ड्यूटी के साथ-साथ पैनल अधिवक्ताओं को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# वकीलों के धरना समाप्ति पर बाद लोक अदालत में केसों की पैरवी का रास्ता साफ

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** एसडीजेएम कोर्ट भवन के निर्माण की मांग को लेकर बार एसोसिएशन कनीना के सद्स्यों द्वारा बीती 2 दिसंबर से शुरू किया गया अनिश्चतकालीन धरना बुधवार को समाप्त होने के बाद कल शनिवार को आयोजित होने वाली लोक अदालत में रखे जाने वाले केसों की वकीलों द्वारा पैरवी का रास्ता साफ हो गया है। लोक अदालत के लिए बेंच का गठन कर दिया गया है। जिसके माध्यम से विभिन्न केसों की सुनवाई कर निपटारा किया जायेगा। हडताल के चलते शनिवार 14 दिसंबर को कनीना कोर्ट में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में वकीलों द्वारा केस की पैरवी करने पर संशय बना हुआ था। बार एसोसिएशन के प्रधान सुनील यादव ने बताया कि हडताल समाप्त होने के बाद बृहस्पतिवार से कोर्ट का कार्य सुचारू रूप से चला। लोक अदालत में उनकी ओर से केसों की पैरवी की जाएगी। दूसरी ओर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के मार्गदर्शन में 14 दिसंबर को न्यायिक परिसर नारनौल, महेंद्रगढ़ व कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए अलग-अलग बेंच का गठन कर दिया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय नारनौल से मिली जानकारी के मुताबिक लोक अदालत में आपसी समझौते से केसों का निपटारा किया जाता है। ऐसे केसों में वैवाहिक पारिवारिक विवाद, आपराधिक पृष्टभूमि, भूमि अधिग्रहण, बैंक रिकवरी, पेंशन,उपभोक्ता शिकायत,बिजली, टेलीफोन बिल के अलावा जमींन के विभाजन, कब्जे संबंधित, किराया संबंधी, इजमेंट्री अधिकार व कॉन्ट्रैक्टस संबंधी शामिल हैं जिनकी सुनवाई कर निपटारा किया जायेगा।

# छह महीने में 18 किलोमीटर तक नहीं डाली जा सकी सीएनजी गैस पाइपलाइन




**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

### महेंद्रगढ से कनीना के लिए कछुआ गति से जारी है कार्य

### आधे सडक मार्ग पर मशीनें खडी होने से बन रहा सडक हादसों का अंदेशा

**कनीना।** कनीना-महेंद्रगढ स्टेट हाईवे-24 के साथ-साथ कछुआ गति से दबाई जा रही सीएनजी गैस पाइपलाइन से सडक दुर्घटनाओं का भय बना हुआ है। कनीना-अटेली सडक मार्ग आरओबी बनाए जाने पर रास्ता बंद होने के चलते साढे सात मीटर चैडे सडक मार्ग पर यातायात का दबाव बढा हुआ है। सडक मार्ग के आधे हिस्से में हाइड्रोलिक मशीनें तथा अन्य उपकरण रखे जाने से यातयात वनवे हो रहा है। जिससे अधिकांशत: जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। सर्दी के मौसम में धुंध एवं कोहरा छाने पर सडक दुर्घटनाएं घटित होने की प्रबल संभावना है। उल्लेखनीय है कि महेंद्रगढ से कनीना की करीब 18 किलोमीटर की दूरी में गैस पाइप लाईन डाले जाने का कार्य पिछले छह माह पूर्व शुरू किया गया था जिसे आज तक पूरा नहीं किया जा सका है। फिलहाल उन्हाणी गांव के समीप ये कार्य किया जा रहा है। लेकिन गुढा गांव की सीमा से लेकर उन्हाणी तक ये पाइप मिट्टी डले हुए प्लासटिक के कट्टों पर सडक किनारे रखे गए हैं। जो सडक हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं। कार्य कर रहे ठेकेदार व उसके कारिदें धीमी गति से कार्य कर रहे हैं। इस बारे में वाहन चालक सुशील कुमार, प्रदीप कुमार, विजय कुमार, वेदपाल, सत्यवीर सिंह, राकेश कुमार, हवासिंह, सुभाष चंद, सुनील कुमार ने उपमंडल अधिकारी कनीना से गैस पाईपलाईन का कार्य शीघ्रता से तथा सडक मार्ग से दूर रहकर करने की मांग की है। इस बारे में एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि सडक किनारे गैस पाइपलाइन डाल रहे ठेकेदार को सडक सुरक्षा के चलते मार्ग से हटकर मशीने खडी करने तथा कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए जाएगें। वाहन चालकों व सडक यातायात को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## नक्सलियों और सुरक्षा बल के बीच भीषण मुठभेड़, 7 नक्सली ढ़ेर

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिला स्थित दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में गुरुवार सुबह नक्सलियों और सुरक्षा बल के बीच भीषण मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को अब तक सात नक्सली ढेर हो चुके हैं। पुलिस को सात नक्सलियों के शव मिल चुके हैं। मुठभेड़ में सेंट्रल कमेटी स्तर के नक्सली के मारे जाने की सूचना आ रही है। सुबह तीन बजे से रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है। पुलिस के अनुसार, नक्सल विरोधी सर्च अभियान में नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के साथ स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) तथा सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ सुबह करीब 3 बजे दक्षिण अबूझमाड़ के जंगल में उस समय शुरू हुई जब पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी।

## कर्मचारी ने रोटी पर थूक लगा तंदूर में पकाया

### -वीडियो वायरल होने पर हड़कंप मचा, पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी

गाजियाबाद । गाजियाबाद के एक होटल में कर्मचारी रोटी पर पहले थूक लगाता है फिर थूक लगी रोटी को तंदूर में डालकर पकाता है। घटना का वीडियो वायरल होने पर हड़कंप मच गया है। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी कर्मचारी की तलाश तेज कर दी है। बताया जा रहा है कि होटल आए एक ग्राहक ने चुपके से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। हालांकि मीडिया रिपोर्ट में वीडियो की पुष्टि नहीं हो रही है। दरअसल सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एक व्यक्ति रोटी बनाते हुए थूक रहा है। वीडियो की पुलिस ने जब जांच शुरू की तब वीडियो कृष्णा कालोनी स्थित ताज होटल का निकला। होटल के बाहर लगे तंदूर में होटल कर्मी रोटी बना रहे हैं। एक व्यक्ति रोटी पर थूक लगाकर तंदूर में डाल रहा था। पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। जल्दी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामला सामने आने के बाद से आरोपी फरार हो गया है। आरोपी कर्मचारी का नाम सोहेल है। दरअसल, एक व्यक्ति अपने दोस्त के साथ खाना खाने के लिए नाज होटल गए थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि रोटी बनाने वाला कर्मचारी थूक लगाकर रोटियों को तंदूर में डाल रहा है। उन्होंने चुपके से इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया, जो अब वायरल हो रहा है।

## एयरपोर्ट से 540 दलाल गिरफ्तार, यात्रियों को अनाधिकृत सेवा के लिए करते थे मजबूर

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) के बाहर यात्रियों के साथ ठगी में शामिल 540 दलालों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल की तुलना में इस साल गिरफ्तारियों की संख्या दोगुना से भी ज्यादा है। पिछले साल 264 दलालों की गिरफ्तारियां की गई थीं। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई) ने कहा कि आरोपियों ने यात्रियों को अनधिकृत सेवाओं जैसे टैक्सी, आवास या शॉपिंग का इस्तेमाल करने के लिए मजबूर किया। इस प्रकार की गतिविधियां न केवल एयरपोर्ट और देश की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा को भी खतरे में डालती हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इन अपराधों में इस्तेमाल किए गए 254 वाहनों भी जब्त किए हैं, जबकि 2023 में यह संख्या 96 थी। उन्होंने दलाली के आरोप में गिरफ्तार किए गए लोगों में से 373 दिल्ली से हैं, जबकि अन्य यूपी, हरियाणा, बिहार, राजस्थान, पंजाब, महाराष्ट्र, उत्तराखंड और सिक्किम के हैं। वहीं, एक अन्य अधिकारी ने कहा कि ये दलाल अकसर अनजान यात्रियों को अपना शिकार बनाते थे, खासतौर पर रात के समय टैक्सी चालक बनकर उन्हें सस्ती सेवाएं देने का झूठा वादा करते थे। इन भ्रामक तरीकों से यात्रियों को उत्पीड़न, वित्तीय शोषण और सुरक्षा जोखिम का सामना करना पड़ता है।

## बाबू जी यह 5000 की महंगी साड़ियां आपको 500 रुपए में दे देंगे

### -यूपी के आगरा की रोडवेज बसों में बेची जा रही अर्थी से उतरी साड़ियां

आगरा। यूपी की रोडवेज बसों में अक्सर लोग सस्ती चीजें बेचते नजर आते हैं। कोई फल, तो कोई पावरबैंक से लेकर टॉर्च सस्ते दामों पर बेचता है। कई बार यात्री सस्ते के चक्कर में ठगी का शिकार हो जाते हैं। आगरा में रात के अंधेरे में रोडवेज बसों में एक अलग तरह का फ्रॉड होता है। एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ है। रिपोर्ट बताती हैं कि जब रात के अंधेरे में बाजार बंद हो जाते हैं, तो यूपी रोडवेज की बसें चलती फिरती दुकान बन जाती हैं लेकिन इनमें यात्रियों को ठगा जाता है। कुछ ऐसा ही एक मामला सामने आया। बस में कुछ लोग साड़ियों के बंडल लेकर चढ़े और बेचने लगे। और ठग ने कहा बाबू जी यह 5000 की साड़ियों आपको 500 रुपए में दे देंगे। शख्स को व्यापारी ने 5000 रुपए की पांच साड़ियों का बंडल खरीदने के लिए कहा और मोलभाव करने पर सौदा पांच हजार से 500 पर आ गया। मतलब यह कि एक साड़ी महज 100 रुपए में पड़ रही थी। शख्स का कहना है कि जब उन्होंने साड़ियां दिखाने की बात की, तो उन्होंने बातों को टाल दिया और बेचने के बाद बस से उतर कर चले गए। वहीं जब साड़ियों को लेकर वह व्यक्ति घर पहुंचा तो पता चला कि कुछ साड़ी फटी थी और कुछ की क्वालिटी बेहद खराब थी। इसके बाद समझ आया कि आखिर व्यापारियों ने कैसे 5000 की साड़ियां 500 में कैसे दे दीं। साड़ियों के सस्ते में मिलने के बावजूद ठगों को फायदा ही होता है। इसकी बड़ी वजह आगरा के ही एक दुकानदार ने बताया कि ये साड़ियां अर्थी से उतरी हुई होती है। इतना ही नहीं, ये ठग भीख में मिली साड़ियों को सस्ते दामों में रात के अंधेरे में बेच देते हैं। दुकानदार ने यह भी आरोप लगाया कि इस ठगी में यूपी रोडवेज के ड्राइवर और कंडक्टर की भी मिलीभगत होती है।

# वन नेशन वन इलेक्शन का ममता ने किया विरोध, बोलीं- दिल्ली की तानाशाही सनक के आगे नहीं झुकेगा बंगाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नरेंद्र मोदी कैबिनेट ने गुरुवार को वन नेशन वन वोट प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, यह बिल संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र में पेश किया जा सकता है। इसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र के फैसले का कड़ा विरोध किया। ममता बनर्जी ने आज दोपहर एक्स हैंडल पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विशेषज्ञों और विपक्षी नेताओं द्वारा उठाई गई हर जायज चिंता को नजरअंदाज करते हुए असंवैधानिक और संघीय-विरोधी एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक को अपना रास्ता बना लिया है।



ममता बनर्जी ने आगे लिखा कि यह सावधानीपूर्वक सोचा गया सुधार नहीं है; यह भारत के लोकतंत्र और संघीय ढांचे को कमजोर करने के लिए बनाया गया एक सत्तावादी आरोप है। उन्होंने कहा कि हमारे सांसद संसद में इस कठोर कानून का पुरजोर विरोध करेंगे। बंगाल कभी भी दिल्ली की तानाशाही सनक के आगे नहीं झुकेगा। यह लड़ाई भारत के लोकतंत्र को निरंकुशता के चंगुल से बचाने की है! टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि हमारी नेता ममता बनर्जी पहले ही वन नेशन वन इलेक्शन पर हमारी पार्टी का रुख स्पष्ट कर चुकी हैं। हमारे देश में यह संभव नहीं है। इस बात की गारंटी कौन देगा कि एक बार वोट देने के बाद कोई सरकार पूरे कार्यकाल यानी 5 साल तक चलेगी। कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 'एक देश, एक चुनाव' व्यवस्था लागू करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दिये जाने के बाद बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सरकार चुनावी शुचिता पर उठ रहे सवालों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को 'एक देश, एक चुनाव' को लागू करने संबंधी विधेयकों को मंजूरी दे दी और मसौदा कानून मौजूदा शीतकालीन सत्र में संसद में पेश किए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा लिखे गए पत्र का हवाला देते हुए कहा कि पार्टी के रुख में कुछ बदलाव नहीं हुआ है। खरगे ने समिति को इस साल 17 जनवरी को पत्र लिखकर 'एक देश, एक चुनाव' के विचार का पुरजोर विरोध किया था। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहले भी उनकी पार्टी ने चुनाव, चुनावी प्रणाली और चुनावी शुचिता से संबंधित कई सवाल उठाए हैं।

## धमकी के बाद बांग्लादेश से भागी हिंदु लड़की भारत में घुसी, बताई दर्दभरी कहानी

नई दिल्ली। बांग्लादेश में परेशान होकर एक 17 साल की हिंदू लड़की रात भर भागती रही और भारतीय सीमा में घुस गई। उसे सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने हिरासत में लिया और पश्चिम बंगाल पुलिस को सौंप दिया। बता दें कि वह इस्कॉन की भक्त है। उसने कहा कि पिछले कई हफ्तों से उसके परिवार को अल्पसंख्यक समुदाय से होने के कारण धमकियां मिल रही थीं। स्थिति तब बेकाबू हो गई जब बांग्लादेश में कट्टरपंथियों ने उसे अगवा करने और उसके परिवार के बाकी सदस्यों को मार डालने की धमकी दी। तभी उसने अपने देश से भागने का फैसला किया।

लड़की के मुताबिक, उसे वैध तरीके से भारत आने के लिए अभी लंबा इंतजार करना पड़ता इसलिए उसने सीमा की तरफ पैदल ही भागने का फैसला किया। हालांकि सीमा सुरक्षा बल ने उसे पकड़ लिया और पुलिस हिरासत में भेज दिया। यहीं पर उसने अपने भागने की कहानी सुनाई। पुलिस के अनुसार, किशोरी लड़की पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में सीमा से अवैध रूप से पार कर गई थी। उसने दावा किया कि उसके कुछ रिश्तेदार भारत में रहते हैं और जाहिर तौर पर वह उनके घर जा रही थी। पुलिस इस बात को लेकर आश्वस्त होना चाहती है। अब मामले की जांच की जा रही है। यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि सीमा पार करने में उसके साथ कोई और था या किसी ने उसकी मदद की। बांग्लादेश में सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं और हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। प्रशासन की ओर से इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। 25 नवंबर को ढाका में हिंदू पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद से इस्कॉन के भक्त सबसे ताजा निशाना बने हैं।

## पति को सजा देने के लिए नहीं है गुजारा भत्ता: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एआई इंजीनियर अतुल सुभाष के पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी मामले के बीच एक मामले की सुनवाई में पत्नी को भरण पोषण के मसले पर कोर्ट ने कहा कि भरण-पोषण की रकम इतनी होनी चाहिए कि पति पर भार न पड़े, लेकिन पत्नी को भी ठीक से जीवन जीने की व्यवस्था हो। साथ ही कोर्ट ने कहा कि कोई ऐसा फिक्स नियम नहीं है जो ज्यों का त्यों लागू कर दिया जाए। कोर्ट ने कहा है कि क्रूरता कानून का गलत फायदा उठाने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी।

रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि इस मामले में अदालत ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत अधिकार क्षेत्र के अनुसार, दंपति का विवाह 'पूरी तरह से टूट चुका था', लेकिन पत्नी को स्थायी गुजारा भत्ता देने की जरूरत थी। कहा कि 'जैसा हमने किरण के मामले में कहा था, स्थायी भरण-पोषण की रकम ऐसी होनी चाहिए कि वह पति को सजा देने वाली नहीं हो, बल्कि पत्नी को एक अच्छा जीवनस्तर देने वाली हो।


कोर्ट ने यह स्पष्ट किया है कि पत्नी को भरण-पोषण की रकम इतनी मिलनी चाहिए कि वह सम्मान के साथ जीवन जी सके, लेकिन यह रकम इतनी भी न हो कि पति को आर्थिक दिक्कत होने लगे। भरण-पोषण का उद्देश्य यह है कि पत्नी के 'जीवनस्तर' में गिरावट न आए और वह ठीक से अपनी जिंदगी जी सके।

बता दें कि अतुल के सुसाइड नोट, जिसमें उसकी पत्नी और ससुराल वालों द्वारा उत्पीड़न का जिक्र था, ने देश में दहेज कानूनों के दुरुपयोग पर भारी फोकस ला दिया है। बता दें कि अतुल सुभाष ने मरने से पहले एक घंटे का एक वीडियो बनाया और अपनी आपबीती साझा की जिससे पूरा देश सकते में है। वीडियो में अतुल सुभाष ने पत्नी निकिता, सौरल वाले और फैमिली कोर्ट की जज रीता कौशिक समेत पांच लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है।

## राहुल गांधी को हाथरस की चार साल बाद याद आई वह राजनीति कर रहे हैं

### यूपी सरकार में मंत्री ओपी राजभर ने विपक्षी नेताओं पर कसा तंज

**लखनऊ (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के अचानक हाथरस दौरे पर यूपी सरकार में मंत्री ओपी राजभर ने कहा कि राहुल गांधी को चार साल बाद हाथरस की याद आई। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सिर्फ राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस के राज में दलितों की बस्तियों को जलाया जाता था। आज ऐसी घटनाएं नहीं होती हैं। कांग्रेस की सरकार में बड़े पैमाने पर दंगे और कर्फ्यू लगाया जाता था। अब ये मुद्दे शांत हो गए हैं और इनको उम्मीद है कि यह फिर से सत्ता में वापसी कर लेंगे, लेकिन जनता के साथ जो उन्होंने किया, उसका जवाब जनता दे रही है। उन्हें हाथरस जाना है तो जाएं।



सदन में कार्यवाही स्थगित होने पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी राजनीति करते हैं और समाजवादी पार्टी अपनी राजनीति करती है। सपा चाहती है जिन मुद्दों पर वह स्टैंड ले रही हैं कांग्रेस उन्हीं मुद्दों को उठाए, लेकिन कांग्रेस को यह पसंद नहीं है। कांग्रेस खुद को राष्ट्रीय पार्टी और सपा को क्षेत्रीय पार्टी मानती है। इस तरह के व्यवहार से बचना चाहिए, लेकिन उनके बीच अंदरूनी कटुता है।

उद्धव ठाकरे गुट शिवसेना के नेता संजय राउत के बयान पर राजभर ने कहा कि अब ये व्यक्तिगत बयान नहीं रह गया है, ये लोकतंत्र है। लोकतंत्र में जनता ने तीसरी बार सरकार चुनी है। अगर महाराष्ट्र में हालात इतने खराब थे तो बीजेपी को पूर्ण बहुमत कैसे मिल गया? इसी तरह अगर हरियाणा में हालात प्रतिकूल थे तो बीजेपी वहां पूर्ण बहुमत कैसे ला पाई? इस पर भी विचार किया जाना चाहिए। वह नेता हैं, कैसा भी बयान दे सकते हैं, लेकिन बाद में कहते हैं कि मेरे बयान को गलत तरीके से पेश किया गया।

असम में एनआरसी और आधार कार्ड के मुद्दे पर राजभर ने कहा कि वहां की सरकार की यह पहल है। हर राज्य में सरकार अपने हिसाब से काम करती है। वहीं, समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल द्वारा किसानों से मुलाकात पर उन्होंने कहा कि जब सरकार में होते हैं तो उन्हें किसान, अल्पसंख्यक याद नहीं आते।

## खुश नहीं हैं शिंदे ! महायुति का बर्ताव भी नहीं आ रहा पसंद, दिल्ली भी नहीं गए



मुंबई। महाराष्ट्र में सरकार बनने के बाद भी महासंग्राम थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां महायुति के नेताओं में आपसी अनबन अभी भी दिखाई दे रही है। खबरें हैं कि आलाकमान से दिल्ली में हुई मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम अजित पवार के साथ उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मौजूद नहीं थे। कहा जा रहा है कि बड़े मंत्रालयों पर मतभेद सुलझने के बाद भी गठबंधन सरकार में कुछ मुद्दों पर रार जारी है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि इस सप्ताह कैबिनेट विस्तार हो सकता है। खबरों के अनुसार, शिवसेना प्रमुख के कार्यालय की तरफ से जानकारी दी गई है कि शिंदे बुधवार को हुई बैठक में मौजूद नहीं थे। यह बैठक ऐसे समय पर हुई है, जब राज्य में विभागों के बंटवारे को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जगत प्रकाश नड्डा के साथ हुई मीटिंग में अजित पवार भी शामिल रहे थे। खास बात है कि पहले शिंदे भी बैठक में शामिल होने वाले थे, लेकिन बाद में उन्होंने नहीं जाने का फैसला किया। बताया गया है कि शहरी विकास विभाग के अलावा शिंदे पक्ष को कोई भी बड़ा मंत्रालय नहीं दिया गया है। वह राजस्व, लोक निर्माण, एमएसआरडीसी, आवास और उद्योग में दिलचस्पी दिखा रहे थे, लेकिन भाजपा ने मांग को स्वीकार नहीं किया। खबर है कि शिंदे भाजपा की इस शर्त से भी खफा थे कि पिछली सरकार में जिनपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, उन नेताओं को नहीं चुना जाएगा। शिंदे के एक करीबी ने कहा, इस पूरी प्रक्रिया में शिंदे उनके साथ हुए व्यवहार से भी खफा हैं। उन्होंने कहा, उन्हें हर चीज में तोल मोल करना पड़ा। उन्हें लगता है कि सत्ता में उन्हें उचित हिस्सा नहीं दिया गया। जबकि, महाराष्ट्र में महायुति की जीत में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई है। ऐसे में वह ठाणे स्थित आवास में ही रहे और दिल्ली नहीं गए।

## असम सरकार का बड़ा फैसला: एनआरसी के लिए आवेदन करने पर ही मिलेगा आधार कार्ड

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम सरकार ने एनआरसी के लिए बड़ा फैसला लिया है। यहां अब एनआरसी के लिए आवेदन करने वालों को ही आधार कार्ड मिलेगा। जिन्होंने आवेदन नहीं किया है या करना नहीं चाह रहे है वे आधार कार्ड से वंचित रहेंगे। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि संकटग्रस्त बांग्लादेश के नागरिकों द्वारा घुसपैठ की कोशिशों को देखते हुए कैबिनेट की बैठक के दौरान यह फैसला लिया गया।



उन्होंने कहा, पिछले 2 महीने में असम पुलिस, त्रिपुरा पुलिस और बीएसपी ने बड़ी संख्या में घुसपैठियों को पकड़ा है। यही कारण है कि बांग्लादेश से घुसपैठ हमारे लिए चिंता का विषय है। हमें अपनी प्रणाली को मजबूत करने की आवश्यकता है और इसीलिए हमने आधार कार्ड तंत्र को सख्त बनाने का निर्णय लिया है। सरमा ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा कि अब से राज्य सरकार का सामान्य प्रशासन विभाग आधार आवेदकों के सत्यापन के लिए नोडल एजेंसी होगा और प्रत्येक जिले में एक अतिरिक्त जिला आयुक्त संबंधित व्यक्ति होगा। उन्होंने कहा, प्रारंभिक आवेदन के बाद, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) इसे सत्यापन के लिए राज्य सरकार को भेजेगा। स्थानीय सर्किल अधिकारी (सीओ) पहले यह जांच करेगा कि आवेदक या उसके माता-पिता या परिवार ने एनआरसी में शामिल होने के लिए आवेदन किया है या नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर एनआरसी के लिए कोई आवेदन नहीं है, तो आधार अनुरोध को तुरंत खारिज कर दिया जाएगा और तदनुसार केंद्र को एक रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

**केंद्रीय कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा नियम**

सीएम ने कहा, अगर यह पाया जाता है कि एनआरसी के लिए कोई आवेदन था, तो सीओ सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार क्षेत्र-स्तरीय सत्यापन के लिए जाएंगे। अधिकारी के पूरी तरह से आश्वस्त होने के बाद, आधार को मंजूरी दी जाएगी। हालांकि, सरमा ने कहा कि यह नया निर्देश उन केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जो दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं और जिन्होंने एनआरसी के लिए आवेदन नहीं किया है। उन्होंने कहा, इस तरह, हम अपने आधार जारी करने की प्रणाली को मजबूत करने के लिए एक सख्त तंत्र लागू करेंगे ताकि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति यह पहचान पत्र न पा सके।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव: ओबीसी को साधेगी भाजपा, 52 जातियों से संवाद करेंगे दिग्गज नेता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी अपना वोट बैंक मजबूत करने के लिए बड़ी रणनीति बना रही है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी ने ओबीसी को साधने के लिए पूरा प्लान तैयार किया है। इसके लिए 52 जातियों को एकजुट करेंगे और इन्हे एकजुट कर इनसे भाजपा के दिग्गज नेता संवाद करेंगे। कोशिश करेंगे कि किसी भी हाल में ओबीसी को भाजपा से सीधा कनेक्ट किया जाए ताकि वोट बैंक मजबूत हो सके।



1998 से दिल्ली में भाजपा सत्ता से बाहर है। यहां पार्टी कई तरह के फॉर्मूले अपना चुकी है लेकिन कामयाबी से काफी दूर है। दिल्ली भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि अभियान की शुरुआत पाल समुदाय के सदस्यों की एक बैठक से हुई, जिसमें केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में रवा राजपूत, कश्यप, राजभर, जोगी, लोधी और तेली समेत अन्य ओबीसी उपजातियों की बैठकें होंगी, जिनमें पार्टी के प्रमुख नेता भी भाग लेंगे।

यादव ने कहा, ओबीसी समुदाय के लोग दिल्ली में मतदाताओं का सबसे बड़ा वर्ग हैं। अन्य पिछड़े वर्गों में से कई की संख्या कम है और वे इस अभियान का केंद्र हैं। दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव अगले साल फरवरी में होंगे। भाजपा 1998 से दिल्ली की सत्ता से बाहर है। उन्होंने कहा कि बैठकों और सम्मेलनों के अलावा ओबीसी समुदाय से जुड़े प्रोफेशनल और महिलाओं की दो बड़ी बैठकें भी आयोजित करेगा।

ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि इन बैठकों में शहर के प्रमुख व्यक्ति, जिसमें प्रोफेशनल, उद्यमी, कारोबारी और ओबीसी समुदाय के अन्य प्रभावशाली सदस्य शामिल होंगे। यादव ने कहा कि भाजपा ओबीसी नेता नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताएंगे, जैसे राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देना और 127वां संविधान संशोधन पारित करना, जिसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पिछड़े वर्गों की अपनी सूची तैयार करने की अनुमति दी गई।

# जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल बर्फ से ढंके, रुक-रुक कर हो रही बर्फबारी

### -दिल्ली से ज्यादा ठंडा एनसीआर, आने वाले दो दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के खूबसूरत पर्यटन स्थल बर्फ से ढके हैं, क्योंकि घाटी के कई इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई है, इसमें बांदीपुरा, बारामुल्ला और गुरेज शामिल हैं। कश्मीर के बर्फ से ढके पहाड़ों ने पर्यटकों को ठंड के मौसम में खुश होने का मौका दिया है। प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार, गुलमर्ग, सोनमर्ग और गुरेज में ताजा बर्फबारी हुई, जबकि घाटी के अन्य इलाकों में रुक-रुक कर बर्फबारी हो रही है। ऐसा जम्मू-कश्मीर में आए ताजा पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुआ है, इससे घाटी के ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी हुई है। पिछले महीने, लद्दाख में भी मौसम की पहली बर्फबारी हुई, जिसने खूबसूरत पहाड़ों को सफेद चादर से ढक दिया। कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई है, लेकिन मौसम में मैदानी इलाकों में अभी तक बर्फबारी नहीं हुई है। सोनमर्ग में बर्फबारी ने पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना दिया है, क्योंकि लोग हिमालय के मौसम का आनंद लेने और खुद को ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़ों और स्कार्फ में बर्फ से ढकी जमीन पर निकल पड़े हैं।

इस बीच, आसमान में बादल छाए रहने के कारण श्रीनगर सहित पूरे कश्मीर में रात का तापमान बढ़ गया। हालाँकि, कश्मीर घाटी में न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से नीचे रहा।

श्रीनगर शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो पिछली रात के मौसम के सबसे कम माइनस 5.4 डिग्री सेल्सियस से अधिक था। गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान माइनस 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पहलगाम में न्यूनतम तापमान माइनस 1.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे और कुपवाड़ा में शून्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

**दिल्ली से ज्यादा ठंडा एनसीआर, छप्पर पर जमी सफेद परत**

धीरे-धीरे सर्दी के तेवर दिखाने लगे हैं। एनसीआर के रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ और नारनौल में दिल्ली से ज्यादा सर्दी पड़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे सर्द सुबह रहा। पिछले साल की तुलना में दिसंबर पहले 12 दिन ज्यादा ठंडक रहे हैं। वहीं, नारनौल में 2.2 डिग्री सेल्सियस और महेंद्रगढ़ में 1.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

पिछले छह दिनों से न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे चल रहा है। गुरुवार सुबह से ही आसमान साफ होने और धूप निकलने के बाद भी ठिठुरन से राहत नहीं मिली है। खुले में रखे टंकियों का पानी फ्रीज में रखे हुए ठंड की तरह है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार अभी सर्दी का फसलों विशेषकर गेहूं और सरसों के लिए फायदेमंद है। दिन में अच्छी धूप निकलने से फसलों को फायदा मिलेगा। आने वाले दो-तीन दिन ऐसी ही स्थिति रह सकती है।

**गुरुग्राम में 6.2 डिग्री पारे के साथ सीजन की सबसे सर्द सुबह रही**



गुरुग्राम में लगातार पारा लुढ़क रहा है। 6.2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सीजन की सबसे सर्द सुबह रही। छह बजे से नौ बजे तक ठंडी हवा ने ठिठुरन बढ़ा दी। दिन में अच्छी धूप खिली और दिनभर मौसम साफ रहा। अधिकतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तीन दिन से लगातार तापमान में गिरावट आने से सुबह-शाम अचानक सर्दी बढ़ गई है। लोग अब गरम कपड़े पहने हुए नजर आने लगे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### टर्टल वैक्स इंडियाने भोपाल में ऑल– न्यू कार केयर स्टूडियो शुरू किया

**भोपाल।** शिकागो स्थित पुरस्कार विजेता कार केयर कंपनी टर्टल वैक्स, इंक. ने आज भोपाल, मध्य प्रदेश में भवानी मोटर्स के साथ मिलकर एक और को-ब्रांडेड कार-केयर स्टूडियो शुरू करने की घोषणा की। यह स्टूडियो खसरा नंबर, 78/4, होशंगाबाद रोड, मिसरोद में स्थित है। अत्याधुनिक टर्टल वैक्स 0 डिटेलिंग तकनीकों से सुसज्जित इस स्टूडियो में उच्च योग्यता प्राप्त और प्रशिक्षित कर्मचारियों की टीम है, जो कार उत्साही ग्राहकों की व्यक्तिगत पसंद के अनुसार डिज़ाइन की गयी विस्तृत कार डिटेलिंग सेवाएं और उत्पाद ऑफर करती है। स्टूडियो का उद्घाटन श्रीमती कृष्णा गौर जी, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अन्य महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों के साथ किया गया।भवानी मोटर्स को कार केयर और डिटेलिंग में वर्षों का अनुभव है, जो अब भोपाल में टर्टल वैक्स की डिटेलिंग इनोवेशन और विशेषज्ञता के साथ जुड़ा है। यह साझेदारी सर्वोत्तम गुणवत्ता और ग्राहक सेवा के माध्यम से उपभोक्ताओं को पेशेवर वाहन देखभाल और स्वच्छता की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से की गई है। इस स्टूडियो में टर्टल वैक्स की सिरेमिक और ग्रेफीन रेंज से कई तरह के केयर पैकेज उपलब्ध हैं, जो नवीनतम तकनीकों का उपयोग करते हुए बेहतरीन परिणाम देते हैं। ग्राहक अब कार केयर स्टूडियो में, पेटेंटेड ग्राफीन तकनीक के साथ हाइब्रिड सॉल्यूशंस और हाइब्रिड सॉल्यूशंस प्रो जैसे टर्टल वैक्स 0 के प्रसिद्ध डिटेलिंग उत्पादों द्वारा पेशेवर परिणामों का अनुभव कर सकते हैं। साजन मुरली पुरवंगारा, मैनेजिंग डायरेक्टर, टर्टल वैक्स कार केयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेडने कहा, हमने मध्य प्रदेश में कार केयर में बढ़ती रुचि देखी है और यहां भोपाल में एक और कार केयर स्टूडियो खोलने का निर्णय लिया है। इस नए स्टूडियो के साथ, हमारा उद्देश्य राज्य में बेहतरीन गुणवत्ता वाली कार डिटेलिंग सेवाएं प्रदान करना है। ब्रांड को अद्वितीय डीआईएफएम सेवाओं का अनुभव करने के लिए श्रेणियों और उत्पादों की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध होने पर गर्व है। हमें विश्वास है कि भवानी मोटर्स के साथ हमारी साझेदारी हमें इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार केयर सेवाएं और लाभ प्रदान करने में मदद करेगी। हम अपने डीलर नेटवर्क पर गर्व महसूस करते हैं और आने वाले वर्षों में इसे मजबूत करते हुए देश के टियर टू और टियर थ्री शहरों में भी अपनी उपस्थिति बढ़ाएंगे।

### सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड का आईपीओ 11 दिसंबर, 2024 को खुला

**मुंबई, एजेंसी।** सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड, जो समग्र इंटीग्रेटेड फैसिलिटी मैनेजमेंट और सपोर्ट सर्विसेज में विशेषज्ञता रखता है, अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 को खोलने का प्रस्ताव करता है। इश्यू साइज 10 प्रति अंकित मूल्य के 65,79,200 इक्विटी शेयरों तक है, जिसमें प्रति शेयर 72 - 76 का प्राइस बैंड है। आईपीओ से प्राप्त आय का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने, कंपनी के संचालन के अतिरिक्त उच्च मार्जिन वाले व्यवसायों के रणनीतिक अधिग्रहण के माध्यम से अवयवात्मक पहलों को बढ़ावा देने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। यह इश्यू शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024 को समाप्त होगा। इश्यू का बुक रनिंग लीड मैनेजर खांडवाला सिक्योरिटीज लिमिटेड है, और इश्यू का रजिस्ट्रार के.फिन टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड है।अमोल शिंगटे, सीईओ और निदेशक, सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड ने कहा, यह अत्यंत उत्साह के साथ है कि हम अपने आगामी आईपीओ की घोषणा कर रहे हैं।

## ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन ने आईआईएलएम विश्वविद्यालय के साथ की पार्टनरशिप

**दिल्ली, एजेंसी।** भारत के लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन क्षेत्र में स्किल की कमी को दूर करने के लिए सप्लाई चेन ट्रेनिंग और कंसल्टिंग में ग्लोबल लीडर ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन ने आईआईएलएम यूनिवर्सिटी के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस स्ट्रेटेजिक पार्टनर्शिप से ब्लू ओशन के लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम को, एसोसिएशन फॉर सप्लाई चेन मैनेजमेंट (एएससीएम) के फाउंडेशन कोर्स के साथ जोड़कर आईआईएलएम यूनिवर्सिटी के सिलेबस के साथ लाया जाएगा। ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन के ग्रुप सीईओ डॉ. सत्या मेनन और आईआईएलएम यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. (डॉ.) तरुण गौतम ने 3 दिसंबर, 2024 को ग्रेटर नोएडा में यूनिवर्सिटी कैंपस में एक ऑफिसियल सेरेमनी के दौरान एक एमओयु पर हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम में ब्लू ओसियन कॉर्पोरेशन दिल्ली के डायरेक्टर




- संचालन श्री दीपक महाजन, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डायरेक्टर डॉ. निहार अमोनकर, स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट के डीन डॉ. अखिल दामोदरन और एसोसिएट डीन डॉ. एकता सारस्वत की सम्मानित उपस्थिति ने प्रतिष्ठा को दोगुना कर दिया।

यह कोलैबोरेशन आईआईएलएम के छात्रों को तेजी से बढ़ती इंडियन लॉजिस्टिक्स इंडस्ट्री में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए स्किल्स और नॉलेज से लैस करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसका अनुमान 2029 तक 317.3 बिलियन डॉलर से बढ़कर 484 बिलियन डॉलर हो जाने का है।

यह कोलैबोरेशन न केवल लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट और एडवांस्ड सप्लाई चेन स्ट्रेटेजी की समझ प्रदान करता है, बल्कि प्रतिभागी को एएससीएम, युएसऐ से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र भी प्रदान करता है। यह सर्टिफिकेशन करंट जॉब मार्किट में वैल्यू एड करता है, क्योंकि कई मल्टीनेशनल कॉर्पोरेशन (एमएनसी) भारत में इन्वेस्ट करना चाहते हैं और ग्लोबल सर्टिफिकेशन वाले स्किल्ड प्रोफेशनल की सक्रिय रूप से तलाश कर रहे हैं। ऐसी योग्यता से स्नातकों के लिए रोजगार और कैरियर की संभावनाएं मजबूत होती हैं, जिससे वे बढ़ते लॉजिस्टिक्स इंडस्ट्री में अग्रणी बन जाते हैं। ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन के ग्रुप सीईओ डॉ. सत्या मेनन ने कहा, भारत का लॉजिस्टिक्स सेक्टर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, और यह कोलैबोरेशन सुनिश्चित करेगा कि प्रोफेशनल्स की अगली पीढ़ी उस परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए जरुरी एडवांस्ड स्किल्स से लैस हो। हमारे कार्यक्रम को आईआईएलएम के सिलेबस में लाकर, हम लॉजिस्टिक्स एक्सीलेंस के एक नए युग की नींव रख रहे हैं,

### ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड को 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऑर्डर प्राप्त हुआ

**मुंबई, एजेंसी।** ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक (बीसीएस) (बीएसईः 539607), एक नवाचारपूर्ण एआईओटी सॉल्युशंस प्रदाता और विभिन्न क्षेत्रों में एआई-प्रेरित सॉल्युशंस में विशेषज्ञता रखने वाली अग्रणी कंपनी ने घोषणा की है कि उसने अपने ब्लूपोर्ट- मोबाइल डिवाइस सॉल्युशंस (एमडीएम) प्लेटफॉर्म को वितरित करने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जो विशेष रूप से बायोमेडिकल उपकरणों के प्रबंधन को ऑपटीमाइज करने के लिए डिज़ाइन किया गया है बीएलयूपोर्ट एक अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म है जो विशेष रूप से स्वास्थ्य संगठनों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह हेल्थकेयर संगठनों को उन्नत तकनीकों का लाभ उठाकर अपने बायोमेडिकल डिवाइस प्रबंधन को बेहतर बनाने में सक्षम बनाता है जो मज़बूत सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इसमें मजबूत एन्क्रिप्शन, रिमोट प्रबंधन क्षमताएं, और विस्तृत पहुंच नियंत्रण शामिल हैं। हम चिकित्सा उपकरणों के लिए सुरक्षित ऑपरेटिंग सिस्टम विकास के साथ-साथ एमडीएम ऑर्डर प्राप्त करने को लेकर उत्साहित हैं और स्वास्थ्य क्षेत्र में अपने नवाचारी समाधानों को लाने के लिए तत्पर हैं, ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड की श्रीमती जनकी यार्लगड्डा ने कहा। उन्होंने यह भी कहा कि बीएलयूपोर्ट को संगठनों को उनके बायोमेडिकल डिवाइसेज़ को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे अंततः मरीजों के परिणामों में सुधार होता है। यह प्लैटफ़ॉर्म रिमोट कॉन्फ़िगरेशन, केंद्रीकृत इन्वेंट्री ट्रैकिंग और समय पर फ़र्मवेयर अपडेट जैसी सुविधाओं के ज़रिए डिवाइस सॉल्युशंस को सुव्यवस्थित करता है।

## यश हाईवोल्टेज लिमिटेड का आईपीओ 12 दिसंबर को खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** यश हाईवोल्टेज लिमिटेड, जो हाई वोल्टेज और हाई करंट ट्रांसफॉर्मर बुशिंग्स के प्रमुख निर्माता और वितरक में से एक है, 12 दिसंबर, 2024 को अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम खोलने की योजना बना रहा है। कंपनी का लक्ष्य 110.01 करोड़ तक जुटाना है, और इसके शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इश्यू से प्राप्त शुद्ध धनराशि का उपयोग रेज़िन इम्प्रेग्नेटेड पेपर और रेज़िन इम्प्रेग्नेटेड सिंथेटिक ट्रांसफॉर्मर कंडेन्सर ग्रेडेड बुशिंग्स के निर्माण के लिए एक नया कारखाना स्थापित करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। एंकर बोली प्रक्रिया 11 दिसंबर, 2024 को खुलेगी और इश्यू 16 दिसंबर, 2024 को बंद होगा। इश्यू के लिए इंडओरिएंट फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर नियुक्त किया गया है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। यह आईपीओ यश हाईवोल्टेज लिमिटेड की यात्रा में एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जो ऊर्जा क्षेत्र में अत्याधुनिक समाधान प्रदान करने में हमारी प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता को दर्शाता है। वर्षों से, हमने उच्च गुणवत्ता वाले ट्रांसफॉर्मर बुशिंग्स के प्रमुख निर्माता के रूप में प्रतिष्ठा अर्जित की है और उद्योग की बदलती आवश्यकताओं को लगातार पूरा किया है। इस आईपीओ से प्राप्त धनराशि हमें रेज़िन इम्प्रेग्नेटेड पेपर और रेज़िन इम्प्रेग्नेटेड सिंथेटिक बुशिंग्स के लिए एक अत्याधुनिक निर्माण सुविधा स्थापित करके हमारी उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने में सक्षम बनाएगी। यह पहल हमारी दक्षता बढ़ाने, उच्चतम गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने और ऊर्जा अवसंरचना क्षेत्र में अग्रणी बने रहने की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

## हार्डविन इंडिया लिमिटेड ने ग्यालसुंग इन्फ्रा, भूटान के साथ एमओयू साइन किया

**मुंबई, एजेंसी।** हार्डविन इंडिया लिमिटेड जो आर्किटेक्चरल हार्डवेयर और ग्लास फिटिंग्स में अग्रणी कंपनी है, ने भूटान की द ग्यालसुंग इंफ्रा के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी आवासीय और वाणिज्यिक संरचनाओं के लिए संपूर्ण समाधान प्रदान करने में गर्व महसूस करती है। ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण और विश्व स्तरीय गुणवत्ता के प्रति अडिग प्रतिबद्धता इसकी सफलता का आधार है। हार्डविन इंडिया लिमिटेड की यह रणनीतिक पहल उसे वैश्विक बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने और भूटान के तेजी से विकसित हो रहे बाजार की अपार संभावनाओं का लाभ उठाने का अवसर प्रदान करती है। हार्डविन इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री रुबलजीत सिंह सायल ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हार्डविन इंडिया लिमिटेड और द ग्यालसुंग इंफ्रा, भूटान के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस समझौते के तहत भूटान में ग्यालसुंग इंफ्रा द्वारा किए जाने वाले भवन नवीनीकरण और आगामी परियोजनाओं के लिए सभी आर्किटेक्चरल हार्डवेयर और ग्लास फिटिंग्स की आपूर्ति हार्डविन इंडिया लिमिटेड द्वारा की जाएगी। एमओयू के अनुसार, यह उत्पाद दो वर्षों तक प्रदान किए जाएंगे और इनकी अनुमानित कुल लागत लगभग ?5 करोड़ होगी। यह उपलब्धि हमारे व्यवसाय और हितधारकों के लिए दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव लाने वाली है। हमें उम्मीद है कि यह समझौता हमारे ग्राहकों, समुदायों और व्यवसाय पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा।

## अल्टीमेट एक्सटिरियर प्रोटेक्शन : एशियन पेंट्स ने लॉन्च किया ग्राफीन की शक्ति वाला पुनर्नवीनीकरण एपेक्स अल्टिमा प्रोटेक

**मुंबई ,एजेंसी।** हमारे घरों के बाहरी हिस्सों को लगातार भारी बारिश, तेज धूप और धूल की परेशानी का सामना करना पड़ता है। समय के साथ इसका असर घरों के स्वरुप और स्थायित्व पर पड़ सकता है जिसके चलते घर के मालिकों को लंबी अवधि के समाधान की तलाश करनी पड़ती है।

पूरे भारत में मकान मालिकों के भरोसेमंद एशियन पेंट्स ने घर की बाहरी दीवारों के लिए अपने प्रमुख पेंट एपेक्स अल्टिमा प्रोटेक (लैमिनेशन पेंट के रूप में भी प्रचलित) को ग्राफीन की शक्ति द्वारा एक उच्च स्तर प्रदान किया है। ग्राफीन एक क्रांतिकारी पदार्थ है जिससे बेजोड़ सुरक्षा और ताकत मिलती है। यह पुनर्नवीनीकरण पेंट 12 साल की वारंटी के साथ बाहरी दीवालों की सुरक्षा के लिए शीर्ष विकल्प बनकर उभरा है। अब तक का सबसे हल्का लेकिन सबसे मजबूत पदार्थ ग्राफीन अपनी उच्च ताकत, लचीलेपन और स्थायित्व के साथ उद्योगों में बदलाव ला रहा है।




अब, यह एशियन पेंट्स एपेक्स अल्टिमा प्रोटेक को एक मजबूत अवरोधक बनाता है जो घरों को यूवी फ़ेडिंग, दरारों और पानी से होने वाले नुकसान से बचाता है। ग्राफीन का उन्नत प्रत्यास्थलक (इलास्टोमेरिक) गुण भारतीय घरों के लिए सबसे मजबूत और सबसे विश्वसनीय सुरक्षा है। इस नए अल्टिमा प्रोटेक को जीवंतता प्रदान करने के लिए, एशियन पेंट्स ने ब्रांड एंबेसडर रणबीर कपूर के साथ नये अभियान, द सेफ हाउस की शुरुआत की है। इस विज्ञापन में, रणबीर कपूर को पहली बार एक जासूस के रूप में देखा जा सकता है, जो रोमांचक तरीकों के इस्तेमाल से खतरनाक परिस्थितियों से बच निकलता है।

विज्ञापन मोरक्को के एक बाजार में शुरू होता है जो कि दर्शकों को एक साहसिक मिशन दिखाता है। रणबीर, एक तेज-तर्रार एजेंट के तौर पर अपनी हीरोइन के साथ घुमावदार सड़कों से होते हुए पीछा कर रहे दुश्मनों से बच निकलता है।

इस दौरान जब एक मिसाइल अपने लक्ष्य पर हमला करने को तैयार होती है तो रणबीर चतुराई से सेफ हाउस की ओर भागता है, जो ग्राफीन द्वारा संचालित अल्टिमा प्रोटेक से संरक्षित होता है।

इसके बाद दुश्मन हर विकल्प का इस्तेमाल करता है जिसमें मिसाइल के साथ बिना रुके लगातार हमले करता है लेकिन सेफ हाउस मजबूत टिका रहता है। यह विज्ञापन सूरज की गर्मी, भारी बारिश और लगातार धूल जैसी हर बाधा के खिलाफ अल्टिमा प्रोटेक की सुरक्षा को शानदार ढंग से दर्शाता है।

अभियान जासूसी को नवीनीकरण के साथ मिलाता है यह दिखाने के लिए कि कैसे ग्राफीन द्वारा संचालित अल्टिमा प्रोटेक बेजोड़ प्रदर्शन करता है। द सेफ हाउस बाहरी चुनौतियों से घरों की रक्षा करने में ब्रांड के वादे को दर्शाता है।

### आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड ट्रांच के जरिए 100 करोड़ तक जुटाएगा

**मुंबई, एजेंसी।** आईआईएफएल होम फाइनेंस ने 1,000 रुपए (प्रत्येक) की फेस वैल्यू के सिक्योर्ड, रेटेड, लिस्टेड रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) के अपने पब्लिक इश्यू का ऐलान किया है। जिसका बेस इश्यू साइज 100 करोड़ रुपए है, जिसमें 400 करोड़ रुपए तक के ओवरसब्सक्रिप्शन को बनाए रखने का विकल्प है, जो कुल मिलाकर 500 करोड़ रुपए तक है। वहीं यह 3000 करोड़ रुपए (ट्रेंच ढ्ढ इश्यू) की शेल्फ लिमिट के अंदर है। सेबी एनसीएस रेगुलेशंस के कंप्लायंस में समय से पहले बंद होने के ऑप्शन के साथ ट्रेंच ढ्ढ इश्यू शुक्रवार यानी 6 दिसंबर 2024 को ओपन होगा और गुरुवार 19 दिसंबर 2024 को क्लोज होगा।

एनसीडी को बीएसई और एनएसई बीएसई के साथ एनएसई स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट करने का प्रस्ताव है। एनएसई ट्रेंच आई इश्यू के लिए नामित स्टॉक एक्सचेंज होगा। एनसीडी को क्रिसिल रेटिंग्स लिमिटेड द्वारा क्रिसिल एए/स्टेबल और इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आईएनडी एए/स्टेबल रेटिंग दी गई है।

ट्रांच आई इश्यू 8.85 प्रतिशत प्रति वर्ष से लेकर 9.25 प्रतिशत प्रति वर्ष तक के कूपन रेट के साथ सब्सक्रिप्शन के लिए एनसीडी की विभिन्न सीरीज प्रदान करता है।

## तनाएरा ने लॉन्च किया नया कैंपेन 'फॉर ब्युटीफुल बिगिनिंग्स'

**वैडिंग रेंज के साथ इस सीज़न का आकर्षण बनाया जो दूल्हन के आशाजनक भविष्य एवं सांस्कृतिक धरोहर का जश्न मनाता है**

**मुंबई, एजेंसी।** शादियां भावनाओं का मिश्रण होती हैं, यह एक नए अध्याय की शुरूआत है जहां प्यार सभी सीमाओं को पार कर नई कहानियों की शुरूआत करता है। टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा अपने नए कैंपेन 'फॉर ब्युटीफुल बिगिनिंग्स' के साथ इसी यात्रा की भावना पर रोशनी डालता है। मृणाल ठाकुर के साथ फिल्माया गया यह कैंपेन उस दूल्हन की कहानी बयां करता है जो अपने बचपन की देहलीज़ को पार कर, अपने साथ ढेरों यादें संजांए, असख्य संभावनाओं से भरपूर एक नए जीवन के वादे करती है- एक ऐसा अनुभव जिसे भारत की विभिन्न संस्कृतियों में साझा किया जाता है। इस कैंपेन के माध्यम से तनाएरा उन भावनाओं को सम्मान देती है, जो दूल्हनों को एक धागे के साथ जोड़ती हैं, फिर चाहे वे किसी भी क्षेत्र या किसी भी परम्परा से ताल्लुक रखती हों, यह कैंपेन उनकी नई यात्रा की बारीकियों को उजागर करता है। इस समय, दूल्हन सिर्फ साड़ी में




लिपटी नहीं होती, उसके मन में ढेरों सपने, यादें और उम्मीदें होती हैं, जिन्हें अपने साथ लेकर वह अपने जीवन के नए अध्याय की शुरूआत करती है। तनाएरा का कैंपेन 'फॉर ब्यूटीफुल बिगिनिंग्स' इस बात पर रोशनी डालता है कि किस तरह, जहां दूल्हन की साड़ी विभिन्न प्रकार के फैब्रिक, ड्रेप और डिज़ाइन के ज़रिए उसकी बदलाव की यात्रा की सच्ची साथी बन जाती है।

'फॉर ब्यूटीफुल बिगिनिंग्स' ऐसे कलेक्शन के साथ इस पावन पल के फैब्रिक में बुनी संस्कृति का जश्न मनाता है, जो हमारे देश की कारीगरी और आधुनिक डिज़ाइनों, समकालीन डिज़ाइन एवं आधुनिक रंगों की समृद्ध धरोहर के सदाबहार पारम्परिक मिश्रण की अभिव्यक्ति करता है। ब्राण्ड के दृष्टिकोण के अनुरूप यह कलेक्शन विभिन्न डिज़ाइनों में शुद्ध एवं प्रमाणिक फैब्रिक का प्रतीक है। तनाएरा ज़री का सर्टिफिकेशन भी देती है, ताकि दूल्हन अपने जीवन के सबसे खास दिन इस धरोहर के सही मायनों का अहसास पा सके। शादी के जश्न को पूरे परिवार तक बढ़ाते हुए वैडिंग रेंज की साड़ियों में कई विकल्प हैं जो हर तरह की भूमिकाओं और व्यक्तित्वों पर खूब जंचते हैं। दूल्हन की सबसे अच्छी सहेली हो, दूल्हे की मां या चचेरी बहन, इस कलेक्शन में हर महिला के लिए साड़ी है, जो नए जोड़े के साथ इस यादगार मौके की खुशियां बांटती हैं।

लॉन्च के अवसर पर मिस शालिनी गुप्ता, जनरल मैनेजर, तनाएरा ने कहा, ''तनाएरा में हमारा मानना है कि हर दूल्हन की यात्रा परम्परा और बदलाव का जश्न है। हमारा यह कैंपेन इन्हीं भावनाओं, यादों और सपनों की अभिव्यक्ति है

## होरिबा ने भारत में अपनी पहली हाइड्रोजन इंटर्नल कंबशन इंजन टेस्ट बेड सुविधा का उद्घाटन किया

### यह हाइड्रोजन ईंधन आधारित इंटर्नल कंबशन इंजनों का परीक्षण

**पुणे, एजेंसी।** 2024-ऊर्जा और पर्यावरण, बायो एवं हेल्थकेयर और मैटेरियल एवं सेमीकंडक्टर सहित समूह के तीन क्षेत्रों के लिए एनालिटिकल उपकरण एवं मेज़रमेंट सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाले क्योटो स्थित जापान के अग्रणी होरिबा लिमिटेड समूह की कंपनी होरिबा इंडिया ने तेजी से उभरते हाइड्रोजन के वृहद क्षेत्र में कदम रखा है। होरिबा ने पुणे के चाकन में होरिबा इंडिया टेक्निकल सेंटर में अपनी पहली हाइड्रोजन इंटर्नल कंबशन इंजन )टेस्ट बेड सुविधा का उद्घाटन किया है। यह नई इकाई ना केवल कारोबार के रास्तों का विस्तार करेगी, बल्कि कार्बन न्यूट्रलिटी, डीकार्बनाइजेशन और टिकाऊपन हासिल करने के वैश्विक विजन को हासिल करने में भी उल्लेखनीय रूप से योगदान करेगी।

होरिबा इंडिया की चाकन इकाई- होरिबा इंडिया टेक्निकल सेंटर (एचआईटीसी) को 100 करोड़ रुपये से अधिक निवेश से 2016 में लांच किया गया जो 10,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैला है। उत्सर्जन मापन प्रणालियों, उन्नत एनालिटिकल इंस्ट्रूमेंट्स और देशज




कस्टमाइजेशन इकाई के लिए यह 2006 से एक प्रदर्शन आधार के तौर पर काम कर रही है। इस अत्याधुनिक इकाई को आईएसओ 9001:2015, आईएसओ 14001:2015, आईएसओ 45001:2018 और एनएबीएल आईएसओ आईईसी 17025:2017 की मान्यता मिली है जो मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान में सहयोग करती है। होरिबा ने इस टेक्निकल सेंटर में घरेलू और निर्यात आपूर्ति दोनों के लिए एक 2/3व्हील चेसिस डाइनोमीटर, मेक इन इंडिया ईवी चेसिस डाइनो, आरडीई टेस्टिंग कंटीन्युअस एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम (सीईएमएस), एंबिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम (एएक्यूएमएस) और वाटर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम (डब्लूक्यूएमएस) के विकास पर कई परियोजनाएं क्रियान्वित की हैं। होरिबा ने हाल ही में इस इकाई में मास फ्लो कंट्रोलर्स (एमएफसी) का रिपेयर, कैलिबरेशन और प्रोडक्शन शुरू किया है। इस कंपनी ने इस हाइड्रोजन इंटर्नल कंबशन इंजन टेस्ट बेड सुविधा को स्थापित करने में और करीब 28-30 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में हो सकता है बड़ा बदलाव, भारत-पाक विवाद के बीच रिपोर्ट में दावा

**स्पोर्ट्स डेस्क ।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर विवाद अभी खत्म नहीं हुआ है और प्रतियोगिता के शेड्यूल पर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। भारत ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया जिससे इस बात पर बड़ी चर्चा हुई कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद इस स्थिति से कैसे निपटेगी। एक 'हाइब्रिड' फॉर्मूला सुझाया गया था जिसके तहत भारत अपने मैच दुबई में खेल सकता है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। जबकि दिसंबर में आईसीसी की बैठक होनी थी, लेकिन आगे के रास्ते को लेकर असहमति के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार, देरी के कारण चैंपियंस ट्रॉफी नियमित वनडे प्रारूप से टी20 टूर्नामेंट बन सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'अगर गतिरोध जारी रहता है, तो यह असंभव नहीं है कि कुछ हितधारक चैंपियंस ट्रॉफी को टी20 प्रारूप में बदलने के लिए फिर से आवाज उठा सकते हैं, जो कि वनडे की तुलना में आसान और तेज है, जो तेजी से अपनी प्रासंगिकता खो रहे हैं।' इस बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को राजस्व घाटे, मुकदमों का सामना करना पड़ सकता है और अगर वह अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले 50 ओवर के आयोजन के तरीके पर गतिरोध के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से हटने का फैसला करता है तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलगाव का जोखिम भी उठाना पड़ सकता है।

यहां के एक वरिष्ठ क्रिकेट प्रशासक, जो आईसीसी आयोजनों के आयोजन से अच्छी तरह वाकिफ हैं, ने एक रिपोर्ट में कहा, 'पाकिस्तान ने न केवल आईसीसी के साथ एक मेजबान समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, बल्कि इस आयोजन में भाग लेने वाले अन्य सभी देशों की तरह इसने आईसीसी के साथ एक अनिवार्य सदस्य भागीदारी समझौते (एमपीए) पर भी हस्ताक्षर किए हैं। किसी सदस्य देश द्वारा आईसीसी इवेंट में खेलने के लिए एमपीए पर हस्ताक्षर करने के बाद ही वह आईसीसी इवेंट से अर्जित राजस्व का हिस्सा पाने का पात्र होता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जब आईसीसी ने अपने सभी इवेंट के लिए प्रसारण समझौते पर हस्ताक्षर किए, तो इसने यह गारंटी दी है कि सभी आईसीसी सदस्य चैंपियंस ट्रॉफी सहित अपने इवेंट में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे।'




## विश्व कप की मेजबानी में पुर्तगाल का भी नाम, स्टार फुटबॉलर रोनाल्डो की पहली प्रतिक्रिया आई सामने



**मैड्रिड (एजेंसी)।** पुर्तगाल सहित पांच अन्य देशों को 2030 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी मिलने के बाद स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा कि छह साल बाद होने वाला यह टूर्नामेंट बेहद खास होगा। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बुधवार को 2030 और 2034 में होने वाले विश्व कप के मेजबानों की औपचारिक घोषणा की। विश्व कप 2030 के मैच तीन महाद्वीपों के छह देशों में खेले जाएंगे।

यह पहला अवसर होगा जबकि विश्व कप छह देशों में आयोजित किया जाएगा। स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को को इसकी संयुक्त मेजबानी सौंपी गई है लेकिन दक्षिण अमेरिकी देशों अर्जेंटीना, पैराग्वे और उरुग्वे में भी इसके एक-एक मैच आयोजित किए जाएंगे। पहला विश्व कप 1930 में उरुग्वे में आयोजित किया गया था और फीफा ने उसके 100 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए दक्षिण अमेरिका के इन देशों को एक-एक मैच की मेजबानी सौंपी है।

रोनाल्डो ने पुर्तगाल की जर्सी पहनकर जश्न मनाते हुए अपनी तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की जिसमें उन्होंने लिखा है, 'सपना सच हो गया। यह बेहद खास विश्व कप होगा। पुर्तगाल 2030 में विश्व कप की मेजबानी करके हमें गौरवान्वित करेगा।' फीफा ने इसके साथ ही 2034 में होने वाले विश्व कप की मेजबानी सऊदी अरब को सौंपने की घोषणा भी की।

## बुमराह का सामना करने को तैयार हूं : मैकस्वीनी



**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के युवा सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी ने कहा कि वह गाबा में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का अच्छी तरह से सामना करेंगे। मैकस्वीनी को अपनी पहली ही टेस्ट सीरीज में बुमराह की गेंदों को खेलना पड़ा है। वह तीन बार बुमराह का शिकार बने हैं हालांकि एडीलेड टेस्ट की पहली पारी में 39 रन बनाकर मैकस्वीनी ने अपना आत्मविश्वास हासिल कर लिया था।

मैकस्वीनी का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बुमराह जैसे विश्वस्तरीय गेंदबाज का सामना करने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा, 'अपने करियर की शुरुआत में ही मुझे बुमराह जैसे मुश्किल गेंदबाज का सामना का अवसर मिला है। मैंने एडिलेड में उनकी गेंदों को जिस प्रकार से खेला है। उससे मेरा मनोबल बढ़ा है। अब मैं जितना अधिक उनका सामना करूंगा उतना ही मेरे लिए खेलना आसान होता जाएगा।

मैकस्वीनी ने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं कि उनका सामना करना मुश्किल है लेकिन एडिलेड में आत्मविश्वास हासिल करना अच्छा रहा और उम्मीद है की इससे पूरी सीरीज के दौरान मेरा आत्मविश्वास बना रहेगा। मैंने जब पहली बार उनका सामना किया तो पता चला कि वह अलग तरह के गेंदबाज है। यह उनकी गेंदबाजी को समझने से जुड़ा है। पर्थ में पहले टेस्ट मैच में मैंने उनकी दो अच्छी गेंदों पर अपना विकेट भी खोया। दूसरे टेस्ट में भी उन्होंने मुझे आउट किया पर उनका सामना करने से मेरी तैयारियां कैसी हैं ये भी मुझे पता चला है।

# कोहली ने टीम को संबोधित किया, रोहित ने नई और पुरानी गेंद से किया अभ्यास

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** विराट कोहली जब कप्तान थे तो ट्रेनिंग सत्रों के दौरान वह सभी के आकर्षण का केंद्र हुआ करते थे और बृहस्पतिवार को उन्होंने फिर यहां अभ्यास के दौरान अपने साथी खिलाड़ियों को संबोधित किया। एडिलेड में दिन रात्रि मैच में मिली 10 विकेट की हार के बाद मेहमान टीम को श्रृंखला के महत्वपूर्ण तीसरे टेस्ट में खेलने से पहले थोड़ी प्रेरणा की जरूरत थी और टीम के युवाओं का मार्गदर्शन करने के लिए 'किंग' कोहली से बेहतर कोई 'मेंटोर' नहीं मिल सकता।

कोहली जब कप्तान थे तो वह ट्रेनिंग सत्र के दौरान खिलाड़ियों से काफी बातें किया करते थे। कप्तानी छोड़ने के बाद उन्होंने यह बंद कर दिया। लेकिन लगातार चार हार के बाद कप्तान रोहित पर भी भारी दबाव है और टीम के सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी (टेस्ट पदार्पण के मामले में) ने शनिवार से यहां शुरू होने वाले मैच से पहले पहल की।

उप-कप्तान जसप्रीत बुमराह के साथ कोहली खिलाड़ियों से उत्साहपूर्वक बात करते देखे गए और रोहित सहित सभी ने उनकी बात ध्यान से सुनी। रोहित ने नेट्स में नयी और पुरानी गेंद दोनों का सामना किया। वह गाबा में अपने नेट सत्र के दौरान काफी बेहतर स्थिति में दिखे लेकिन इस बात पर सवालिया निशान बने हुए हैं कि क्या वह पारी की शुरुआत करेंगे या छठे



नंबर पर ही बने रहेंगे जो उनकी पसंदीदा जगह नहीं है।

केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने फिर नेट्स पर नयी गेंद का सामना किया। रोहित ने शुरुआत में थोड़ी पुरानी कूकाबुरा गेंद से खेले। फिर उन्होंने नयी लाल गेंद भी खेली। गाबा की पिच पर काफी घास है जो हमेशा से पारंपरिक ऑस्ट्रेलियाई विकेटों में से एक रहा है जिसमें सीम और उछाल दोनों मिलते हैं। ट्रेनिंग सत्र के बाद रोहित और मुख्य कोच गौतम गंभीर के बीच लंबी बातचीत हुई और दूर से ऐसा लग रहा था कि वे तकनीक पर चर्चा कर रहे थे।

गंभीर को कुछ 'शैडो ड्राइव' (हाथ से इशारा करके शॉट बताना) के लिए तैयार होते देखा गया जबकि रोहित उन्हें ध्यान से देख रहे थे। आकाश दीप को भारतीय नेट सत्र में सबसे निरंतर गेंदबाज माना जाता है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि वह युवा हर्षित राणा की जगह लेंगे जिन्हें एडिलेड में दूसरे टेस्ट के दौरान ट्रेविस हेड ने कड़ी चुनौती दी थी।

पर्थ में टेस्ट पदार्पण में चार विकेट लेने के बाद हर्षित ने 16 ओवर में 86 रन दे दिए लेकिन कप्तान रोहित ने युवा खिलाड़ी का बचाव किया। आकाश दीप ने दो बार जयसवाल को परेशान किया और कप्तान ने भी उनकी पीठ थपथपाई। शमी शायद अभी टेस्ट खेलने के लिए फिट नहीं हैं। वह शायद भारतीय टीम में शामिल नहीं हों क्योंकि रणजी ट्रॉफी में वापसी के बाद सैयद मुश्ताक अली टी20 के नौ मैच खेलने के बाद उन्हें खुद लगता है कि वह अभी लाल गेंद के क्रिकेट के लिए तैयार नहीं हैं।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने कहा, 'सूजन आ जा रही है। वह खुद भी अधिक से अधिक घरेलू क्रिकेट खेलना चाहते हैं और इसलिए इस समय उनके बंगाल के लिए विजय हजारे ट्रॉफी (21 दिसंबर से शुरू) में खेलने की संभावना है।' वहीं अकेला स्पिनर कौन होगा, यह भी सवाल है। इस पर भी वाशिंगटन सुंदर तकनीकी रूप से सबसे बेहतर बल्लेबाज हैं, रविचंद्रन अश्विन कौशल के मामले में सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं और रविंद्र जडेजा एक ऑलराउंडर के रूप में बेहतरीन पैकेज हैं।

## अंडर-19 महिला एशिया कप : निकी प्रसाद को मिली भारतीय टीम की कप्तानी



खेल डैस्क । एसीसी महिला अंडर-19 एशिया कप के उद्घाटन के लिए भारत की अंडर-19 टीम की घोषणा कर दी गई है। महिला चयन समिति ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) महिला अंडर-19 एशिया कप के उद्घाटन संस्करण के लिए भारत की अंडर-19 टीम का चयन किया। यह टूर्नामेंट मलेशिया के कुआलालंपुर में बेयूमास क्रिकेट ओवल में होने वाला है। भारत अंडर 19 टीम ग्रुप में है। उनके साथ पाकिस्तान, नेपाल की टीमें भी हैं। इसी तरह ग्रुप बी में बांग्लादेश, श्रीलंका और मलेशिया की टीमें हैं। भारत अंडर 19 ग्रुप स्टेज का अपना शुरुआती मैच 15 दिसंबर, 2024 को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा और फिर 17 दिसंबर को नेपाल के साथ मुकाबला होगा।

**ऐसी है भारतीय टीम :** निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका चालके (उप-कप्तान), जी त्रिशा, कमलिनी जी (विकेटकीपर), भाविका अहिरे (विकेटकीपर), ईश्वरी अवसरे, मिथिला विनोद, जोशीता वीजे, सोनम यादव, पारुनिका सिसौदिया, केसरी द्रिथि, आयुषी शुक्ला, आनंदिता किशोर, एमडी शबनम, नन्दना एस.

## ब्रिसबेन टेस्ट से पहले सुनील गावस्कर बोले, अब ऑस्ट्रेलिया के पास सीरीज में लय है



नई दिल्ली । ब्रिस्बेन में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के तीसरे टेस्ट से पहले पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा कि अब ऑस्ट्रेलिया के पास सीरीज में लय है। बीजीटी सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच शनिवार से ब्रिस्बेन के प्रतिष्ठित द गाबा में खेला जाएगा। इससे पहले एडिलेड टेस्ट में भारत ने ऑस्ट्रेलिया से 10 विकेट से निराशाजनक हार झेली थी। स्टार स्पोर्ट्स से एक्सक्लूसिव बातचीत में गावस्कर ने कहा कि पर्थ टेस्ट में जीत के बाद लय भारत के साथ थी, लेकिन 10 दिन के अंतराल ने पर्यटकों को प्रभावित किया। उन्होंने कहा, 'भारतीय टीम ने पर्थ में जो लय हासिल की थी, वह 10 दिन के अंतराल के दौरान खो गई। अब लय ऑस्ट्रेलिया के साथ है क्योंकि उन्होंने टेस्ट मैच जीता है। एडिलेड टेस्ट के कुछ दिनों बाद आप द गाबा में खेल रहे हैं। इसलिए अब लय ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ है।' गौर हो कि भारत को एडिलेड में दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा, क्योंकि उसके शेष पांच विकेट पहले सत्र में ही गिर गए थे जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को 1-1 से बराबर करने के लिए व्यापक जीत हासिल की। भारत ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के 337 रन बनाकर 157 रनों की बढ़त हासिल कर ली, जिसमें ट्रैविस हेड की 141 गेंदों पर 140 रनों की आक्रामक पारी शामिल थी। इसके बाद भारत अपनी दूसरी पारी में 175 रनों पर ढेर हो गया, जिससे ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 19 रनों की जरूरत थी। तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर को ब्रिस्बेन में शुरू होगा।

# डी गुकेश ने रच दिया इतिहास, सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चेस चैंपियन बने, चीन के डिंग लिरेन को हराया

**सिंगापुर (एजेंसी)।** भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के अंतिम गेम में डिंग लिरेन की गलती के बाद इतिहास में सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बन गए हैं। ये गलती ऐसे समय में हुई जब टाईब्रेक की संभावना बहुत वास्तविक लग रही थी। पांचवें घंटे में खेल तब खत्म हुआ जब डिंग लिरेन ने एक गलती की जिसके कारण उन्हें हार झेलनी पड़ी।

एक वक्त ऐसा था जब लगा मैच टाईब्रेक हो जाएगा, लेकिन गुकेश ने अपनी कोशिश जारी रखते हुए डिंग को हराने में सफलता प्राप्त की। वर्ल्ड शतरंज चैंपियनशिप 2024 में डिंग लिरेन अधिकांश समय पर पीछे चल रहे थे। बता दें कि, डोमराजू गुकेश 18वें वर्ल्ड चेस चैंपियन हैं।

वर्ल्ड चेस चैंपियन 2024 का फाइनल मुकाबला सिंगापुर में खेला गया। खिताबी मुकाबले में डी गुकेश ने 14वीं बाजी में डिंग लिरेन को करारी शिकस्त दी और खिताब पर कब्जा किया।

डिंग लिरेन के खिलाफ गुकेश काले मोहरों के साथ मुकाबले खेले थे। पूरे मैच में भारतीय युवा ने अपना जोरदार प्रदर्शन दिखाया और हर बाजी में चीनी खिलाड़ी पर भारी पड़े। आखिर में गुकेश ने चीन की बादशाहत खत्म कर दी।

### विश्वनाथन आनंद के खास क्लब में गुकेश की एंट्री

इस धांसू जीत के साथ 18 वर्षीय युवा चैंपियन शतरंज की दुनिया के सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बन गए हैं। साथ ही वो एक रिकॉर्ड के मामले में विश्वनाथन आनंद के क्लब में भी शामिल हो गए हैं। दरअसल, गुकेश वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले भारत के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। जबकि विश्वनाथन पहले भारतीय हैं। 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने अपना आखिरी खिताब 2013 में जीता था।



## तीसरे टेस्ट में जरुरत के अनुसार गेंदबाजी के लिए तैयार हूं : मार्श



ब्रिस्बेन । ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने कहा है कि वह भारतीय टीम के खिलाफ शनिवार से शुरु हो रहे तीसरे टेस्ट मैच में जरुरत के अनुसार गेंदबाजी के लिए तैयार हैं। मार्श ने कहा कि अब मैं पूरी तरह से फिट हूं और टीम के लिए अपनी भूमिका निभाने तैयार हूं। टीम के कोचिंग स्टाफ़ और मेडिकल टीम ने उनकी फिटनेस हासिल करने में सहायता की है। मार्श को सितंबर में इंग्लैंड के सफ़ेद गेंद दौरे के दौरान पीठ में खिंचाव हुआ था। तब उन्होंने केवल एक बार गेंदबाज़ी की थी। अप्रैल में आईपीएल के दौरान उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। इस सत्र सीज़न की शुरुआत में उनके शेफ़ील्ड शील्ड में गेंदबाज़ी करने की योजना थी पर पीठ की समस्या के कारण वह ऐसा नहीं कर पाये। पर्थ में हुए पहले टेस्ट के पहले दिन मार्श ने दो विकेट लेने के साथ ही कुल 17 ओवर किए थे पर इसके बाद उन्हें दर्द हुआ। इससे एडिलेड टेस्ट के लिए उनकी फ़िटनेस पर सवाल उठने लगे थे। जिसके बाद बो वेब्स्टर को भी टीम में विकल्प के रुप में शामिल किया गया। एडिलेड टेस्ट में उन्होंने पहले पारी में केवल चार ओवर किए थे। मार्श ने कहा, मेरे दिमाग़ में ऐसी कोई सीमा नहीं है। मैं जितना हो सके ज़रूरत के अनुसार गेंदबाज़ी करने के लिए तैयार रहूंगा। मैं हमारे मेडिकल स्टाफ़, कोच रॉनी एंड्रयू मैक्डोनाल्ड और कमिंस का आभारी हूं जिन्होंने मुझे पहले और दूसरे टेस्ट के बीच सही समय दिया जिससे मैं मैच के लिए तैयार हो सकूं। मार्श ने कहा कि उनके लिए यह अहम है कि वह टीम के लिए उपयोगी भूमिका निभा सकें।

# यशस्वी की टिप्पणी से बेतर प्रदर्शन को प्रेरित हुए स्टार्क : पोंटिंग

**दुबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने पहले टेस्ट में जिस प्रकार की टिप्पणी मिशेल स्टार्क के खिलाफ की थी। लगता है वही लगता है उन्हें भारी पड़ी है। उसे टिप्पणी से स्टार्क दूसरे टेस्ट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हुए होंगे। यशस्वी ने पर्थ टेस्ट में 161 रनों की पारी के दौरान तंज कसा था कि स्टार्क बहुत धीमी गेंदबाजी कर रहे हैं।

उस समय इस टिप्पणी से भले ही स्टार्क हंस दिये थे पर उन्होंने एडिलेड में मैच की पहली ही गेंद पर यशस्वी को आउट करके करारा जवाब दिया। पोंटिंग ने कहा कि अनुभवी तेज गेंदबाज को जायसवाल की टिप्पणी से कुछ अतिरिक्त प्रेरणा मिली होगी। उन्होंने कहा, स्टार्क वास्तव में एक बहुत ही शांत व्यक्ति है। वह बहुत ज़्यादा परेशान नहीं होता, यहां तक कि आप देख सकते हैं कि जब वह अब गेंदबाजी कर रहा होता है। और



अगर कोई बल्लेबाज कुछ कहता भी है, तो वह आम तौर पर अपने चेहरे पर हल्की मुस्कान के साथ जवाब देता है। लेकिन मुझे लगता है कि उसके चेहरे पर यह मुस्कान शायद अंदर उठे रहे तूफान को ढकने का एक तरीका हो। उसने जिस प्रकार दूसरे टेस्ट में गेंदबाजी की उसका अंदाजा इससे होता है। स्टार्क वर्तमानप समय के सबसे अच्छे तेज गेंदबाजों में शामिल हैं। सभी प्रारूपों में 692 विकेट लेने के साथ ही उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की ओर से हर प्रमुख खिताब जीता है। पोंटिंग ने स्टार्क की प्रशंसा की और इस बात पर जोर दिया कि कैसे उन्होंने खेल के सभी प्रारूपों में लंबे समय तक रहने के लिए अपनी गेंदबाजी शैली को अनुकूलित किया है। उन्होंने कहा , वह निश्चित रूप से प्रशंसा के अधिकारी हैं। मेरा मतलब है, वह शायद पिछले कुछ वर्षों में पहले से कहीं बेहतर रहे हैं। और मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि मुझे लगता है कि वह पहले की तुलना में अब अधिक बेहतर गेंदबाज बन गये हैं, फिर भी उनकी गति अभी भी लगभग वैसी ही है जैसी हमेशा थी। पोंटिंग ने कहा, उसने पर्थ में अपना पहला स्पेल कैसे शुरू किया और फिर जिस तरह से उसने एडिलेड में अपना पहला स्पेल शुरू किया वह अविश्वसनीय रूप से अच्छा था। इससे पता चलता है कि उसका गुलाबी गेंद का रिकॉर्ड काफी अच्छा है।

## साल 2024 में एक भी एकदिवसीय मैच नहीं जीती भारतीय टीम

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के लिए इस साल एक भी एकदिवसीय मैच नहीं जीती है। 1979 के बाद यह पहला और तीसरा अवसर है जब टीम ने साल में एक भी 50 ओवरों का मुकाबला नहीं जीता। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम साल 1974 से ही लगातार एकदिवसीय मैच खेल रही है। शुरुआती दौर में भारत का इस प्रारुप में प्रदर्शन अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा और वह साल 1974, 1976 और 1979 में एक भी एकदिवसीय मैच नहीं जीत पायी। इसी दौर में उसने 1975 का विश्वकप जीतकर और 1978 में पाकिस्तान को हराया। साल 1980 से भारतीय क्रिकेट की जीत का जो सिलसिला शुरू हुआ वह 2023 तक लगातार जारी रहा। भारतीय टीम ने हर साल मैच जीते हैं पर इस साल उसे एक भी जीत एकदिवसीय में नहीं मिली। भारतीय टीम ने हालांकि इस साल ज्यादा एकदिवीसय मैच नहीं खेले हैं। भारतीय टीम ने श्रीलंका के खिलाफ अगस्त में 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेली थी जिसे श्रीलंका ने 2-0 से जीता था। वहीं इस सीरीज का एक मैच रद हो गया था। वहीं न्यूजीलैंड की टीम ने इस साल 3 एकदिवसीय मैच खेले और उसे भी इन तीनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें इस साल सबसे कम एकदिवसीय मैच खेलने वाली टीमें भी रहीं। इन दोनों के अलावा आयरलैंड ने 5 जबकि जिम्बाब्वे ने 6 एकदिवीसीय खेले।



# गूगल सर्च : साल 2024 में सबसे ज्यादा खोजे गए क्रिकेटर हार्दिक पंड्या, पहले नंबर पर हैं महिला प्लेयर

**नई दिल्ली (एजेंसी)** । गूगल ईयर इन सर्च 2024 के अनुसार भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पंड्या दुनिया भर में सबसे ज्यादा खोजे जाने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं जबकि दुनिया भर में खोजे गए खिलाड़ियों में सातवें नंबर पर। 31 वर्षीय ऑलराउंडर ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस के साथ दो सीजन खेलने के बाद मुंबई इंडियंस के साथ हाथ मिला लिया था। उन्हें पांच बार की चैंपियन टीम का कप्तान भी बनाया गया था, लेकिन आईपीएल 2024 के अंत में वे स्टैंडिंग में सबसे नीचे रहे।

हालांकि कुछ सप्ताह बाद ही हार्दिक ने टी20 विश्व कप 2024 में महत्वपूर्ण वापसी की और देश के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर बने। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में हार्दिक पंड्या ने तीन ओवरों में 20 रन देकर 3 विकेट लिए, जिसमें डेथ ओवरों के दो महत्वपूर्ण ओवर भी शामिल थे। गूगल पर इस साल में खोज रुझानों में क्रिकेट का दबदबा रहा, लेकिन दुनिया में सबसे ज्यादा खोजी गई टीमों में कोई भी भारतीय खेल टीम शीर्ष 10 में जगह नहीं बना पाई।

भारत में आईपीएल सबसे ज्यादा खोजा गया। ओलंपिक (5वां), प्रो कबड्डी लीग (9वां) और इंडियन सुपर लीग (10वां) ने भी जगह बनाई। भारत में खेल के रुझानों में आईपीएल, टी20 विश्व कप और ओलंपिक ने शीर्ष तीन स्थानों पर कब्जा कर लिया। भारत में शीर्ष 10 ट्रेंडिंग लोगों में से पांच खिलाड़ी थे - विनेश फोगट (प्रथम), हार्दिक पंड्या (चौथे), शशांक सिंह (छठे), अभिषेक शर्मा (9वें) और लक्ष्य सेन (10वें)। विनेश फोगाट 2024 के लिए भारत में ट्रेंडिंग लोगों की सूची में शीर्ष पर हैं। इस साल की शुरुआत में, विनेश ने पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 50 किग्रा कुश्ती स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन बाद में अधिक वजन के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। बैडमिंटन में ओलंपिक पदक से मामूली अंतर से चूकने वाले लक्ष्य सेन भी शीर्ष 10 में शामिल हैं। क्रिकेटर अभिषेक शर्मा और शशांक सिंह, जो क्रमशः सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के साथ आईपीएल में चमके, ने भी सूची में जगह बनाई।

**गूगल पर 2024 में टॉप 10 सर्च**

1. इंडियन प्रीमियर लीग
2. टी20 वर्ल्ड कप
3. ओलंपिक
4. प्रो कबड्डी लीग
5. इंडियन सुपर लीग
6. महिला प्रीमियर लीग
7. कोपा अमेरिका
8. दलीप ट्रॉफी
9. यूईएफए यूरो
10. अंडर-19 वर्ल्ड कप



समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# महेश बाबू ने उठाया राज से पर्दा क्यों किया मुफासा में काम

महेश बाबू ने आगामी फिल्म मुफासा- द लायन किंग में तेलुगु भाषा में मुफासा को आवाज दी है। हाल ही में उन्होंने इस फिल्म से जुड़ी अपनी भावनाओं को साझा किया। इस दौरान महेश बाबू ने खुलासा किया कि वह क्यों इस किरदार से इतना प्रभावित हैं और फिल्म में काम करना उनके लिए कितना खास है।

**इन सितारों की सुनने को मिलेगी आवाज**

जंगल के सबसे बड़े राजा मुफासा की कहानी अब तेलुगु में भी दर्शकों तक पहुंचने के लिए तैयार है। 2019 में आई द लायन किंग की सफलता के बाद अब मुफासा- द लायन किंग 20 दिसंबर 2024 को रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म के तेलुगु डब संस्करण में महेश बाबू मुफासा की आवाज बने हैं। जबकि ब्रह्मानंदम- पुंबा, अली- टिमोन, सत्यदेव- टाका और अयप्पा पी शर्मा ने कीरोस को आवाज दी है।

**महेश बाबू ने क्यों किया मुफासा में काम**

महेश बाबू ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, मुफासा एक ऐसा किरदार है जिसे मैंने हमेशा आदर्श माना है। यह मेरे लिए सचमुच एक सपना सच होने जैसा है। वह अपने परिवार के लिए जो प्यार और जिम्मेदारी दिखाता है, मुझे उसमें बहुत कुछ समानता महसूस होती है। मैं बहुत उत्साहित हूं कि लोग मुझे इस किरदार में देखेंगे। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि मुफासा हर पीढ़ी का पसंदीदा किरदार है। फिल्म को परिवारों के साथ देखने का अनुभव बेहद संतोषजनक होगा। मेरे लिए यह एक बहुत बड़ा सम्मान है।

**इन भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म**

मुफासा- द लायन किंग में दर्शकों को न सिर्फ नए किरदारों से मिलवाया जाएगा, बल्कि फिल्म में फोटोरियल कंप्यूटर-जनरेटेड इमेजरी का भी शानदार उपयोग किया गया है। फिल्म का निर्देशन बैरी जेनकिंस ने किया है। यह फिल्म भारतीय सिनेमाघरों में अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होगी।



# अल्फा हूं पर किसी पर अधिकार नहीं जमाती

**टीवी एक्ट्रेस आयुषी खुराना भले पहली बार में एक्ट्रेस बनने के सपने से दूर हो गई हों लेकिन काश के दर्द से बचने के लिए उन्होंने फिर कोशिश की और अपनी ख्वाहिश को हकीकत में बदल दिया। कुछ समय में ही कई सीरियल्स का हिस्सा रह चुकीं आयुषी इन दिनों शो जाने अनजाने हम मिले में नजर आ रही हैं।**

### मैंने अपनी जिम्मेदारियां खुद उठाई हैं

मैं एक मजबूत लड़की हूं और अपनी मर्जी चलाती हूं। इसी वजह से अल्फा वाली बात से रिलेट कर गई। फिर भी ऐसा नहीं है कि बहुत डॉमिनेटिंग हूं लेकिन हां, मैं एक ऐसी लड़की हूं, जो अपनी जिंदगी खुद संभालती है। उसे खुद हैंडल करती है। अपने सारे फैसले खुद लेती है। मैंने अपनी जिम्मेदारियां भी खुद उठाई हैं। मैं अल्फा हूं पर किसी और पर अधिकार नहीं जमाती। मैं प्रोवाइडर जरूर हूं लेकिन शासन करने या हक जमाने वाली बात मेरे अंदर नहीं है क्योंकि मैं फ्रीडम ऑफ चॉइस पर भरोसा करती हूं।

### काश पर कुछ नहीं छोड़ना चाहती थी

मैं मेकअप कोर्स के बहाने मुंबई में ऐक्टर बनने आई थी। पापा को बताया तो उन्होंने पहले ढेर सारी छानबीन की। मैंने सोचा था कि कार्तिक आर्यन की तरह पढ़ाई के बहाने मुंबई में ऐक्टिंग कर लूंगी। उन्हें तो काम मिल गया पर मुझे नहीं मिला। फिर बेंगलुरु गई। वहां खुद को मजबूत किया और लगा कि एक और मौका देना चाहिए। मैं भविष्य में काश के ऊपर कुछ नहीं छोड़ना चाहती थी। लॉकडाउन के बाद एक और चांस लिया। वो एक साल बहुत दबाव वाला रहा था। मेरे दिमाग में लीड एक्ट्रेस का खयाल था। फिर लगा कि लीड के चक्कर में पड़ी रही तो पता नहीं काम मिले या नहीं। मैंने हर तरह के निगेटिव-पॉजिटव शेड वाले किरदारों के लिए ऑडिशन देने शुरू किए। आठ महीने बाद मुझे पहला नेगेटिव रोल मिला।

### अनुभव से ही ऐक्टिंग निखरती है

मुझे घर से बाहर अकेले रहते हुए आठ साल हो गए हैं। तीन साल बेंगलुरु में रहीं और पांच साल से मुंबई में हूं। अकेले रहने के दौरान इतने सारे अनुभव मिले, जिसने मुझे मजबूत बना दिया। मुझे लगता है कि जितने अनुभव जीवन में लोगे, उतनी ही अच्छी ऐक्टिंग भी कर पाओगे। अनुभव से ही ऐक्टिंग निखरती है। काफी कुछ सीखा है और आगे भी सीखती रहूंगी। मैं सबसे यही कहती हूं कि आप छोटे से छोटे शहर से क्यों ना हो लेकिन बिना डर बाहर निकलो। ढेर सारे अनुभव लो। मेहनत करो। हालांकि, बाहर अकेले रहने के दौरान थोड़ी समझदारी दिखानी जरूरी होती है क्योंकि चीजें कई बार बिगड़ भी सकती हैं।

### हम ऐक्टर भी आपके बीच से ही निकले हैं

कई बार लोगों को लगता है कि आप ऐक्टर हो तो हमेशा खूबसूरत ही दिखोगे। लड़कियों की जिंदगी में इतने हॉरमोनल प्रॉब्लम चलते हैं कि वो हमेशा एक जैसी नहीं लग सकतीं। हमारे चेहरे पर भी पिंपल्स या अन्य स्किन प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। हम भी इंसान हैं। हमारी जिंदगी में वही समस्याएं हैं, जो आपकी जिंदगी में हैं। मैं एक ऐक्टर होने के नाते हमेशा कहती हूं कि आप (दर्शक-प्रशंसक) हैं तो हम हैं। हम आपके बीच से ही निकले हैं। लोग कई बार एक्ट्रेस को ट्रोल करते हैं कि देखो इनके चेहरे पर कितने दाग हैं या कैसे नजर आती हैं। ऐसा लोग शायद इसलिए करते हैं क्योंकि उनके पास और कुछ करने के लिए नहीं होता है।

# परिणीति ने एनिमल के ऊपर क्यों चुनी चमकीला, क्या अब है पछतावा?



**अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने हाल ही में ब्लॉकबस्टर फिल्म एनिमल में लीड भूमिका को लेकर बात की, जिसे रश्मिका मंदाना ने निभाया है। शुरुआत में निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने एक्शन ड्रामा में रणविजय की पत्नी गीतांजलि के रूप में परिणीति चोपड़ा को कास्ट करने की योजना बनाई थी। हालांकि, शेड्यूल संबंधी दिक्कतों के कारण उन्हें यह प्रस्ताव ठुकराना पड़ा। अब परिणीति ने इसे लेकर चुप्पी तोड़ी है। साथ ही बड़ा बयान देती नजर आई हैं।**

### परिणीति चोपड़ा ने तोड़ी चुप्पी

एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर 900 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। बावजूद इसके परिणीति चोपड़ा को अपने फैसले पर कोई पछतावा नहीं है। एक हालिया इंटरव्यू में परिणीति चोपड़ा ने खुलासा किया, मुझे लगता है कि भगवान ने मेरे लिए कुछ बेहतर किया था। मैं वह फिल्म (एनिमल) कर रही थी, लगभग हर चीज पर काम हो चुका था। लेकिन उन्हीं तारीखों पर मुझे चमकीला की पेशकश की गई।

### एनिमल के ऊपर क्यों चुनी चमकीला?

अभिनेत्री ने आगे कहा, मुझे कई गानों की पेशकश की गई थी, मैं एआर रहमान द्वारा रचित गाने गा रही थी। इम्तियाज अली मेरे ड्रीम निर्देशक हैं। मुझे और भी बहुत कुछ करने की पेशकश की गई थी, इसलिए मैंने चमकीला को चुना।

### परिणीति को कोई अफसोस नहीं

परिणीति ने अपनी बात में आगे जोड़ा, मुझे लगता है कि मुझे इसका अफसोस नहीं है, मैं खुश हूं। चमकीला में परिणीति चोपड़ा ने दिवंगत पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की पत्नी अमरजोत का किरदार निभाया था।

### चमकीला को मिली सराहना

इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ मुख्य भूमिका में थे। इसे नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था और परिणीति चोपड़ा के प्रदर्शन के लिए इसे समीक्षकों द्वारा सराहा गया था। उनके पति राघव चड्ढा ने भी खुलासा किया, जब परिणीति भारत लौटीं, तो वह एक शूटिंग के लिए सीधे पंजाब आईं। हम मिलते रहे और समय के साथ रिश्ता मजबूत होता गया। पहले तो हम लोगों की नजरों से दूर छिपकर मिलते थे।



# करीना कपूर की पसंदीदा बॉलीवुड जोड़ी है सोहा अली खान-कुणाल खेमू

**बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान हमेशा यही कहती आई हैं कि वह खुद की फेवरेट हैं, लेकिन क्या आपको यह पता है कि उनकी पसंदीदा जोड़ी कौन है। आइए जानते हैं.....**

करीना कपूर खान की ननद सोहा अली खान और उनके पति कुणाल खेमू को ही वह अपनी पसंदीदा जोड़ी कहती हैं, क्योंकि वे एक साथ मौज-मस्ती करते हैं। जी हां, करीना ने ननद सोहा अली खान और उनके पति कुणाल खेमू पर प्यार बरसाया। उन्होंने इन सेलेब्स को अपना पसंदीदा जोड़ा भी कहा।

करीना अपने पति सैफ अली खान के परिवार के साथ एक प्यारा रिश्ता साझा करती हैं। चाहे वह उनकी मां शर्मिला टैगोर हों, बहनें सबा पटौदी और सोहा अली खान हों, या फिर सारा अली खान और इब्राहिम अली खान हों। उन्हें अक्सर सभी के साथ मस्ती करते हुए देखा जाता है। हाल ही में, उन्होंने सोहा और उनके पति कुणाल खेमू की एक तस्वीर पोस्ट की, और उन्हें अपना पसंदीदा जोड़ा बताया। बी-टाउन की दिवा करीना कपूर खान ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर सोहा अली खान और कुणाल खेमू की एक प्यारी सी तस्वीर शेयर की है। फोटो में दोनों को गंभीर बातचीत करते हुए देखा जा सकता है। बेबो ने चुपके से उनकी एक तस्वीर क्लिक की और उन्हें पसंदीदा जोड़ी कहा। काम की बात करें तो बेबो को आखिरी बार रोहित शेट्टी की एक्शन फिल्म सिंघम अगेन में अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ, दीपिका पादुकोण और अर्जुन कपूर के साथ देखा गया था।





# टाइगर श्रॉफ को 'बागी' सीरीज की फिल्मों ने बनाया एक्शन स्टार

## 'बागी 4' में खूंखार हो गया किरदार

**टाइगर श्रॉफ अगले साल फिल्म 'बागी 4' में फिर से अपने एक्शन अंदाज में नजर आएंगे। इस फिल्म का एक पोस्टर कुछ देर पहले ही टाइगर श्रॉफ ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया है। इस पोस्टर में टाइगर नहीं बल्कि संजय दत्त नजर आ रहे हैं। संजय दत्त का लुक देखकर दर्शक डर सकते हैं।**

टाइगर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर एक कैप्शन भी लिखा है- 'हर आशिक एक विलेन होता है।' फिल्म के इस नए पोस्टर से लग रहा है कि फिल्म 'बागी 4' में टाइगर श्रॉफ का मुकाबला संजय दत्त के किरदार से होगा। दोनों को दर्शक जबरदस्त एक्शन करते हुए देखेंगे। जहां तक टाइगर श्रॉफ की बात है, तो वह 'बागी' सीरीज की फिल्मों में अलग कहानी और किरदार के साथ कमाल का एक्शन कर चुके हैं। एक नजर, अब तक की 'बागी' सीरीज की फिल्मों पर।

फिल्म 'बागी (2016)' टाइगर श्रॉफ के करियर की दूसरी फिल्म थी। इससे पहले उनकी एक फिल्म 'हीरोपंती' आई थी, जिसमें एक्शन कम, रोमांस ज्यादा था। फिर रिलीज हुई फिल्म 'बागी', इस फिल्म में टाइगर ने ऐसा एक्शन किया कि दर्शक, समीक्षक और आलोचक सभी हैरान रह गए। इसके बाद टाइगर को बॉलीवुड का नया एक्शन स्टार कहा जाने लगा। फिल्म की कहानी की बात की जाए, तो इसमें टाइगर ने एक मार्शल आर्ट एक्सपर्ट रॉनी का रोल किया, जो अपने प्यार को बचाने के लिए विलेन से फाइट करता है। फिल्म में उनकी लव इंट्रेस्ट का रोल श्रद्धा कपूर ने किया था।

### बागी 2

साल 2018 में टाइगर श्रॉफ ने एक अलग कहानी के साथ फिल्म 'बागी 2' में फिर से कमाल के एक्शन सीन्स दिए। इस बार हीरोइन के तौर पर उनके साथ दिशा पटानी नजर थीं। इस फिल्म में टाइगर अपने एक्शन को एक लेवल और ऊपर लेकर गए, उन्होंने बहुत ही खतरनाक स्टंट सीन्स फिल्म में दिए थे।

### बागी 3

'बागी 3 (2020)' में एक्शन के साथ दो भाइयों के बीच की बॉन्डिंग को भी दिखाया गया था। इस फिल्म में अपने भाई विक्रम (रितेश देशमुख) को बचाने के लिए टाइगर श्रॉफ का किरदार रॉनी, अपनी जान की बाजी लगा देता है। फिल्म में रॉनी सीरिया जाकर, अपने भाई की रक्षा करता है। इस इमोशनल स्टोरीलाइन के साथ टाइगर श्रॉफ का एक्शन दर्शकों को खूब पसंद आया था।

### बागी 4

जल्द ही दर्शक टाइगर श्रॉफ को अपने एक्शन अंदाज में दोबारा देखेंगे। वह अगले साल फिल्म 'बागी 4' में नजर आएंगे। इस फिल्म की खास बात यह है कि इसमें टाइगर श्रॉफ के किरदार का मुकाबला संजय दत्त के किरदार से होने वाला है। फिल्म का जो पोस्टर जारी हुआ, उससे लगता है कि फिल्म 'बागी 4' में ऐसा एक्शन होगा कि दर्शक दंग रह जाएंगे। 'बागी 4' अगले साल 5 सितंबर 2025 को रिलीज होगी। इस फिल्म को ए. हर्षा निर्देशित कर रहे हैं। वहीं साजिद नाडियाडवाला इसके प्रोड्यूसर हैं। 'बागी' सीरीज की सभी फिल्मों को साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है।